राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या

वर्ष: 37 अंक 99

सोमवार 20 जुलाई, 2026

तापमान

अधिकतम 39°C | न्यूनतम 31°C

मूल्य 2 रुपए  पृष्ठ- 06  अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित  www.tarunmitra.in


**अमृत वाणी**

गलतियां हमेशा क्षमा की जा सकती हैं, यदि आपके पास उन्हें स्वीकारने का साहस हो।

## सोनम वांगचुक को निजी अस्पताल ट्रांसफर करने की मांग खारिज

### परिवार को 24 घण्टे मुलाकात की इजाजत



**दिल्ली, 19 जुलाई।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंग्मो की उस याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने रविवार को खारिज कर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि उन्हें सफदरजंग अस्पताल से किसी प्राइवेट अस्पताल में शिफ्ट किया जाए। कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष लेते हुए कहा कि एक्टिविस्ट के शरीर पर अपने अधिकार (बॉडीली ऑटोनॉमी) का उल्लंघन नहीं हुआ है और सरकार का उन्हें वहां शिफ्ट करने का फैसला उनकी बिगड़ती सेहत की वजह से था, न कि मनमाना।

जस्टिस मिनी पुष्करणा की सिंगल-जज बेंच ने केंद्र सरकार का बचाव करते हुए कहा कि सरकार को दखल देने का अधिकार था, क्योंकि एक्टिविस्ट - जो ह्श्वश्वञ्ज त्र पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली में भूख हड़ताल पर थे - लगातार सेहत बिगड़ने के बावजूद खुद अस्पताल में भर्ती नहीं हुए थे। हालांकि, कोर्ट ने अंगमो की उस अर्ज़ी पर केंद्र, दिल्ली पुलिस और सफदरजंग अस्पताल को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें किसी प्राइवेट अस्पताल में ट्रांसफ़र करने की मांग की गई थी। हाई कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि अंगमो और वांगचुक के परिवार के सदस्यों को उनसे चौबीसों घंटे मिलने की इजाज़त होनी चाहिए। अखबार

मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी। शनिवार को भूख हड़ताल के 21वें दिन दिल्ली पुलिस वांगचुक को जंतर-मंतर से सफदरजंग अस्पताल ले गई थी। वांगचुक 28 जून से नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और परीक्षा रद्द होने के बाद कई छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के विरोध में भूख हड़ताल कर रहे थे। रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति पुष्करणा ने कहा कि सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टर वांगचुक की लगातार निगरानी कर रहे हैं, और यह नहीं कहा जा सकता कि उनके खिलाफ किसी प्रकार की जबरदस्ती की जा रही है। न्यायाधीश ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाकर सफदरजंग अस्पताल ले जाए जाने की कार्रवाई को मनमाना नहीं कहा जा सकता।

न्यायमूर्ति पुष्करणा ने यह भी उल्लेख किया कि वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो, उनके भाई और रिश्तेदारों को उनसे 24 घंटे मिलने की अनुमति दी गई है। अदालत ने वांगचुक को निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने के अनुरोध वाली आंग्मो की याचिका पर केंद्र सरकार, सफदरजंग अस्पताल और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) चेतन शर्मा ने कहा कि इस मामले में किसी प्रकार के 'संदेह' की कोई वजह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टर वांगचुक की अच्छी तरह देखभाल कर रहे हैं, लेकिन उन्हें भी इलाज में सहयोग करना होगा।

इस पर अदालत ने कहा कि यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यदि आवश्यक हुआ और यदि वह स्वयं ऐसा चुनते हैं, तो सोनम वांगचुक चिकित्सकीय हस्तक्षेप के लिए डॉक्टरों का सहयोग करेंगे। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि वह चाहते हैं कि वांगचुक को मेदांता अस्पताल स्थानांतरित किया जाए। सिब्बल ने इस बात पर जोर दिया कि वांगचुक किसी हिरासत में नहीं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी व्यक्ति को अपनी पसंद के अस्पताल में भर्ती होने के अधिकार से वंचित किया जा सकता है।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी पर राहुल ने मोदी को चिट्ठी लिखी

### कहा- आपकी चुप्पी स्वीकार नहीं, ट्रस्ट के खाते सार्वजनिक हों

**दिल्ली, 19 जुलाई।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के वित्तीय मामलों की स्वतंत्र जांच कराई जाए। खातों को सार्वजनिक किया जाए, जिससे हर भक्त जान सके कि चढ़ावे का इस्तेमाल कहां और कैसे हुआ? जांच में जो भी जिम्मेदार पाए जाएं, उनकी जवाबदेही तय हो।

आपने संसद में ट्रस्ट के गठन की घोषणा की थी, लेकिन इसके सदस्यों की नियुक्ति पूरी तरह से सरकार ने की। यह बात जगजाहिर है कि ट्रस्ट के सदस्य RSS, VHP और उसके सहयोगियों से जुड़े हैं। पूर्व महासचिव भी आपके करीबी थे। ऐसे में आपकी चुप्पी स्वीकार नहीं है। जवाबदेही सुनिश्चित करना आपका कर्तव्य है। सरकार और ट्रस्ट की साख इसी बात पर टिकी है।

वहीं, राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर सुप्रीम कोर्ट में 20 जुलाई को सुनवाई होगी। CJI जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच इस मामले पर आगे की सुनवाई करेगी। 13 जुलाई को हुई पिछली सुनवाई में कोर्ट ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया था। यूपी सरकार से SIT की स्टेटस रिपोर्ट एक सप्ताह में जमा करने को कहा था।

इधर, आरोपी रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू और उसके भतीजे मनीष की पुलिस कस्टडी का आज आखिरी दिन है। शनिवार सुबह साढ़े 8 बजे पुलिस दोनों को जिला जेल से अपने साथ 39 घंटे की रिमांड पर ले गई थी। पुलिसकर्मी रात 11 बजे तक SOG ऑफिस में ही मौजूद रहे। आरोपियों को कहीं और नहीं ले जाया गया।

टिन्नू, पूर्व महासचिव चंपत राय का करीबी रहा है। वह मंदिर के दानपात्रों की देख-रेख करता था, जबकि मनीष चढ़ावे की गिनती का काम करता था। पुलिस ने टिन्नू के घर से 1 लाख रुपए और मनीष के घर से 2 लाख रुपए बरामद किए थे। इससे पहले पुलिस 6 अन्य आरोपियो अविनाश शुक्ला, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव, रमाशंकर मिश्रा और करुणेश को रिमांड पर ले चुकी है।

## पीवी सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय बनीं

### 2 साल बाद कोई टाइटल जीता, यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया



**टोक्यो, 19 जुलाई।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने जापान ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट जीत लिया है। वे यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनी हैं।

31 साल की सिंधु ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में जापान की अकाने यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया। यह मैच 50 मिनट तक चला।

सिंधु 4 साल बाद यामागुची को किसी फुल मैच में हरा सकी हैं। उन्हें पिछली जीत थाईलैंड ओपन में 2022 में मिली थी। पिछले साल मलेशिया ओपन में यामागुची रिटायर हर्ट हो गई थीं।

सिंधु ने 2 साल बाद कोई खिताब जीता है। उन्होंने 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीता था। वे 2022 में सिंगापुर ओपन सुपर 500 में चैंपियन बनी थीं।

यह सिंधु के करियर का पहला सुपर-750 खिताब है। 2019 वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने के बाद यह उनका सबसे बड़ा इंटरनेशनल खिताब है।

सेमीफाइनल में चीन की चेन यू फेई हैम्स्ट्रिंग चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गईं। उस समय सिंधु 21-19, 15-10 से आगे थीं। इससे पहले सिंधु ने जापान की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोजोमी ओकुहारा चोट के कारण नहीं उतरीं, जिससे सिंधु को वॉकओवर मिला। इससे पहले दूसरे दौर में सिंधु ने चीन की हान यू को 35 मिनट में 21-16, 21-14 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## जम्मू के पुंछ-किश्तवाड़ में बादल फटे, 11 की मौत

### मलबे से 2 साल के मासूम का शव निकाला, नगालैंड की लैंडस्लाइड में 8 की मौत

**नई दिल्ली/जयपुर/भोपाल/पटना, 19 जुलाई।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ और किश्तवाड़ में शनिवार रात बादल फट गए। बाढ़-लैंडस्लाइड में अब तक 11 लोगों की मौत हो गई है।

पुंछ के सुरनकोट में लैंडस्लाइड से एक मकान मलबे में दब गया। उस वक्त घर में 8 लोग थे। इनमें 2 साल के बच्चे समेत 5 लोगों के शव बरामद किए गए।

किश्तवाड़ के सुर्नू इलाके में बादल फटने से लोगों के घरों और खेतों को नुकसान पहुंचा। राजौरी में भी भारी बारिश के बाद धारहाल नदी का जलस्तर बढ़ गया। करीब 200 से 250 गाड़ियां बह गईं।

उत्तराखंड में शनिवार को लैंडस्लाइड के बाद केदारनाथ यात्रा के रूट पर घोड़े-खच्चरों की सेवाएं रोक दी गईं और कैलाश-मानसरोवर यात्रियों का एक जत्था भी रुक गया।




इधर, नगालैंड के मोन इलाके में हुई लैंडस्लाइड के बाद NDRF की टीमों ने मलबे से 8 शव निकाल लिए हैं, जबकि कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है।

जम्मू-कश्मीर के अखनूर में उफनती चिनाब नदी में एक व्यक्ति टायर पर लेटकर एक मोटी लकड़ी को पकड़कर नदी में बहता नजर आ रहा है।

अरुणाचल में बाढ़ और भूस्खलन के इस दौर में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है, 29 लोग घायल हुए हैं और 1,49,257 लोग प्रभावित हुए हैं। मानसून की मार से कुल 26 जिले, 328 सर्कल और 576 गांव प्रभावित हुए हैं।

इधर, पिथौरागढ़ में, कैलाश-मानसरोवर यात्रा का चौथा जत्था, जिसमें 50 तीर्थयात्री शामिल हैं धारचूला बेस कैंप में रोक दिया गया है। बेस कैंप के इंचार्ज धन सिंह बिष्ट ने बताया कि गरबाधार में भूस्खलन के कारण गुंजी जाने वाला रास्ता बंद हो गया है।

उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच हरिद्वार जिले में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। राज्यभर में भूस्खलन के कारण 84 सड़कें बंद हो गई हैं, जिनमें दो राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल हैं। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। 20 जुलाई के लिए देहरादून, हरिद्वार और टिहरी जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि नैनीताल, उत्तरकाशी और पौड़ी में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी गई है। इसके चलते कई श्रद्धालु रास्ते में फंस गए हैं और विभिन्न मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं।

यात्रा स्थगित होने के बाद जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु आगे बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं, जबकि प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।

खराब मौसम के चलते एहतियात के तौर पर यात्रा रोकी गई है। फिलहाल यात्रा दोबारा कब शुरू होगी, इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

## मानसून सीजन में महंगाई, बेरोजगारी और महिला सुरक्षा पर हो बात : मायावती



**लखनऊ, 19 जुलाई।** बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने 20 जुलाई से शुरू होने वाले मॉनसून सत्र के दौरान संसद के सुचारू कामकाज का आह्वान किया है और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष दोनों से राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय महत्व के अहम मुद्दों पर ध्यान देने का आग्रह किया है। सत्र से पहले ङ्क पर एक पोस्ट में मायावती ने कहा कि देश यह देख रहा है कि क्या संसद में सार्थक चर्चा होगी या बार-बार कार्यवाही स्थगित होने और हंगामे की वजह से कामकाज में बाधा आएगी। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि महंगाई, गरीबी, बेरोज़गारी, महिलाओं की सुरक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे मुद्दों पर गंभीर बहस और समाधान की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि अब जबकि संसद का मॉनसून सत्र कल, 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है, तो एक बार फिर देश और आम लोगों के मन में यह चिंता है कि क्या यह सत्र भी हंगामे, स्थगन और अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाएगा, या फिर देश के ज्वलंत मुद्दों ङ्क जैसे बेतहाशा महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, महिलाओं की असुरक्षा, अहम परीक्षाओं में पेपर लीक वगैरह ङ्क से पैदा हुए तनावपूर्ण, आक्रोशित और उत्तेजित माहौल को शांत करने और उनका संतोषजनक समाधान निकालने की कोई गंभीर कोशिश की जाएगी।

मायावती ने अयोध्या के श्री राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी और कुप्रबंधन से जुड़े विवाद पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे से जनता में भारी आक्रोश है और सत्र के दौरान यह एक बड़ा मुद्दा बन सकता है। उन्होंने कहा कि वैसे, अयोध्या के श्री राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी, उसमें हेर-फेर और गबन को लेकर जनता में जो भारी आक्रोश है, उसने उत्तर प्रदेश और पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। लोग चुनावी फायदे के लिए धर्म का राजनीतिकरण करने वालों से जवाबदेही मांग रहे हैं और लोगों का दिल दुखाने के लिए उन्हें कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। इसकी गूंज सड़कों से लेकर अदालतों तक सुनाई दे रही है और यह मुद्दा संसद में भी निश्चित रूप से गरमाएगा, जिस पर लोगों की पैनी नज़र है। उन्होंने संसद का ध्यान आकर्षित करने वाले कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों का भी ज़िक्र किया, जिनमें पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद के हालात, राजस्थान में माताओं की मौत, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताएं, चुनाव के दौरान मुफ्त उपहार बांटने में कथित अनियमितताएं, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार, पुलिस एनकाउंटर, लंबे समय से बसी कॉलोनियों को तोड़ा जाना और वैश्विक संघर्षों के कारण पैदा हुई आर्थिक चुनौतियां शामिल हैं।

### लोकसभा में 'परिसीमन बिल' रोकने के लिए लगाएंगे पूरी ताकत : धर्मेन्द्र



समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने रविवार को कहा कि पार्टी लोकसभा में परिसीमन प्रक्रिया में बदलाव करने वाले संविधान (131वां संशोधन) विधेयक का विरोध करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाएगी। इस विधेयक में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव है और इसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के तहत विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान भी शामिल है।संसद के मॉनसून सत्र से पहले और सर्वदलीय बैठक के बाद, धर्मेंद्र यादव ने सत्ताधारी बीजेपी के इरादों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बीजेपी के लोगों को 75 साल से चले आ रहे लोकतांत्रिक ढांचे पर भरोसा क्यों नहीं है? वे परिसीमन बिल लाने के लिए इतने बेताब क्यों हैं? समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और अखिलेश यादव पहले भी इस बिल का पुरजोर विरोध करते रहे हैं और आज भी कर रहे हैं; हम इसे रोकने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे।

उन्होंने महिला आरक्षण बिल पर भी टिप्पणी की, जो पहले ही पास हो चुका है। उन्होंने कहा कि असल मुद्दा महिला आरक्षण का नहीं है; वे बस इसका इस्तेमाल परिसीमन की प्रक्रिया को उलझाने के लिए करना चाहते हैं। संविधान (131वां संशोधन) बिल अप्रैल में 298 वोट मिलने के बाद गिर गया था। धर्मेंद्र यादव ने अयोध्या राम मंदिर के लिए मिले चंदे में हेराफेरी के आरोपों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि देश और दुनिया भर में सनातन धर्म को मानने वालों की भावनाएं आहत हुई हैं। इस मामले में शामिल और इससे जुड़े सभी लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उम्मीद है कि विपक्षी पार्टियां संसद के आगामी सत्र में यह मुद्दा उठाएंगी। कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने संसद में उठाए जाने वाले कई मुद्दों का ज़िक्र करते हुए कहा कि कई मुद्दे हैं। अयोध्या में चोरी का मामला सबसे अहम मुद्दों में से एक है, और NEET परीक्षा का मुद्दा भी। लोगों के लिहाज़ से हर मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है।

## एमपी में यूसीसी बिल को कैबिनेट की मंजूरी

### विधानसभा सत्र में पेश करने की तैयारी, दो राज्यों में UCC विधेयक पारित, एक में लागू

**भोपाल, 19 जुलाई।** मध्य प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड, यूसीसी) लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रविवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यूसीसी विधेयक-2026 के ड्राफ्ट को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। अब इसे विधानसभा में पेश किया जाएगा। विधानसभा का सत्र कल से शुरू हो रहा है।कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार विधेयक को विधानसभा में पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। समानता भारतीय संस्कृति और मूल्यों का अभिन्न हिस्सा रही है। इसी भावना के अनुरूप सरकार ने यह कदम उठाया है। देश में उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य है, जबकि गुजरात और असम में यूसीसी विधेयक पारित हो चुका है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने भोपाल के गौरवशाली इतिहास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भोपाल का इतिहास परमार राजवंश और राजा भोज से जुड़ा है। यह क्षेत्र प्राचीन काल से सनातन संस्कृति का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि भोपाल का गहरा संबंध गोंड राजवंश से भी है। मदन शाह और संग्राम शाह जैसे शासकों ने क्षेत्र के विकास में योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा- इतिहास में राजा निजाम शाह की विष देकर हत्या और उसके बाद रानी कमलापति द्वारा अपने पुत्र एवं प्रजा की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष का भी विशेष महत्व है। उन्होंने अफगान सरदार दोस्त मोहम्मद खान के दौर और बाद के शासनकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि भोपाल का इतिहास विभिन्न शासकों और संस्कृतियों से समृद्ध रहा है।

## मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, 40 पार्टियां शामिल हुईं

### राज्यसभा में अमित शाह पेश करेंगे वंदे मातरम से जुड़ा बिल, चर्चा के लिए 4 घंटे तय

**नई दिल्ली, 19 जुलाई।** मानसून सत्र से पहले रविवार को संसद में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इसमें विपक्षी सांसद भी शामिल हुए।

मानूसन सत्र से एक दिन पहले रविवार को संसद भवन के एनेक्सी बिल्डिंग में सर्वदलीय बैठक हुई। 3 घंटे चली मीटिंग की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। मीटिंग में कांग्रेस, सपा, टीएमसी, छ्वरूब्व सहित 40 दलों के 58 नेता शामिल हुए। हालांकि बैठक के बीच विपक्ष ने सांकेतिक वॉकआउट किया।

विपक्ष इस बात से नाराज था कि सरकार ने TMC के बागी 20 सांसदों के गुट को बैठक में क्यों बुलाया, जबकि स्पीकर ओम बिरला ने उनके गुट को अभी तक मान्यता नहीं दी है।

ऑल पार्टी मीटिंग के बाद लोकसभा बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग हुई। इसमें बिलों पर चर्चा के लिए समय तय किया गया। किरेन रिजिजू ने बताया कि BAC की बैठक के मुताबिक FCRA संशोधन बिल पर 4 घंटे चर्चा होगी।

इसके अलावा आयकर संशोधन बिल के लिए 4 घंटे, जजों की संख्या से जुड़े बिल के लिए 4 घंटे, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन बिल के लिए 4 घंटे, वंदेमातरम से जुड़े बिल के लिए 4 घंटे और MSME बिल पर चर्चा के लिए 5 घंटे तय किए गए हैं।

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सोमवार को अमित शाह राज्यसभा में वंदे मातरम से जुड़ा बिल पेश करेंगे।

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सर्वदलीय बैठक में टीएमसी के बागी गुट को शामिल करने पर आपत्ति जताई।

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, वामपंथी दलों और शिवसेना (यूबीटी) समेत पूरे विपक्ष ने सर्वदलीय बैठक का वॉकआउट किया है।

उन्होंने कहा कि टेबल ऑफिस की लिस्ट में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (TMC) की सदस्य संख्या 28 दिखाई गई है, जबकि एनसीपीआई (NCPI) नाम की एक गैर-मान्यता प्राप्त पार्टी के 20 बागी सांसदों के विलय को स्पीकर ने मंजूरी नहीं दी है और उनकी अयोग्यता की याचिकाएं अभी लंबित हैं।

महुआ ने सवाल उठाया कि 91वें संशोधन के बाद जब किसी अलग गुट की गुंजाइश ही नहीं है, तो संसदीय कार्य मंत्री ने इन 20 बागी सांसदों को किस आधार पर न्योता दिया? इसी के विरोध में पूरे विपक्ष ने बैठक का बहिष्कार किया है।

NCPI के 20 लोकसभा सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को हस्ताक्षरित आवेदन देकर नए दल के रूप में मान्यता और संसद में अलग बैठने की व्यवस्था की मांग की है। यह मामला स्पीकर के विचाराधीन है।

जब मामला स्पीकर के पास है और 20 सांसदों का समूह मौजूद है, तो उन्हें सर्वदलीय बैठक में कैसे नहीं बुलाया जा सकता? लोकसभा सभी की है। सरकार का दायित्व है कि वह सभी दलों से बातचीत करे। यदि सहमति बनानी है तो सभी को आमंत्रित करना होगा।


घर के बाहर घर जैसा आराम

**होटल वैशाली**



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087



**कंचन चौरसिया**
महिला जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

**रमेश कुमार चौरसिया**
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई  मो. 9235152444

**निदान चिकित्सा केन्द्र**

कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

**डा. गुंजन यादव**
(M.B.B.S.,D.G.O.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

**डा. रोहित यादव**
(M.B.B.S., M.D.)
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

**डा. राधेश्याम यादव**

(M.B.B.S., D.T.C.D.), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी (C.M.O) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी (D.T.O.) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक (J.D.) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ (रजि. नं.- 29775)

प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# एक करोड़ 13 लाख रुपये की नकली व नशीली दवाएं सीज, तीन अवैध गोदामों पर छापा





गोण्डा । प्रदेश में नकली एवं नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद गोंडा में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना लाइसेंस संचालित तीन अवैध औषधि गोदामों से लगभग 1 करोड़ 13 लाख रुपये मूल्य की नारकोटिक्स, कोडीन सिरप एवं अन्य एलोपैथिक औषधियां बरामद कर सीज कर दीं। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य आरोपी फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुख्यालय, लखनऊ के निर्देशन में प्राप्त गोपनीय अभिसूचना के आधार पर जनपद गोंडा के बरियार पुरवा, सोनार गली, बड़गांव क्षेत्र में 16, 17 एवं 18 जुलाई 2026 तक लगातार तीन दिनों तक विशेष सघन छापामार अभियान चलाया गया। इस अभियान में प्रदेश के 9 जनपदों के औषधि निरीक्षकों तथा स्थानीय पुलिस बल की संयुक्त टीम ने भाग लिया। संयुक्त टीम सबसे पहले गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित जयनगरा, बड़गांव में संचालित बताए गए अमन फार्मास्युटिकल्स की जांच के लिए पहुंची। जांच के दौरान फर्म निर्धारित पते पर संचालित नहीं मिली और न ही वहां कोई साइन बोर्ड लगा पाया गया। इसके बाद टीम ने पूछताछ करते हुए संचालक अमन कसौधन के आवास पर पहुंचकर जांच की। पूंछताछ के दौरान अमन के भाई शिवम कसौधन ने स्वीकार किया कि वह और उसका भाई बरियार पुरवा स्थित एक स्थान से औषधियों का कारोबार करते हैं तथा उनके पास औषधि कारोबार से संबंधित कोई वैध लाइसेंस नहीं है। जांच आगे बढ़ने पर टीम को इनके द्वारा संचालित दो अन्य गोदामों की भी जानकारी मिली, जो बिना किसी वैधानिक औषधि अनुज्ञप्ति के अवैध रूप से संचालित किए जा रहे थे। छापेमारी के दौरान जब टीम ने औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख, खरीद बिल, स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा तो संचालक कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। इसके बाद तीनों गोदामों में रखी भारी मात्रा में दवाओं को मौके पर ही सीज कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान बरामद औषधियों में 53,712 डिपट्राम प्लस कैप्सूल, 14,700 अल्ट्रानिम-पी टैबलेट, 59,256 प्रोक्सीस्पास कैप्सूल, 2,82,960 सेम्पलेक्स प्लस कैप्सूल, 32,160 रोमर स्पास कैप्सूल, 1,96,000 ट्रामाडोल इंजेक्शन, 60,000 अल्जोमैक 0.5 (अल्प्राजोलम) टैबलेट तथा 63 बोतल कोडीन फॉस्फेट सिरप (एनरेक्स/वनरेक्स) सहित बड़ी मात्रा में अन्य एलोपैथिक औषधियां शामिल हैं। बरामद दवाओं का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 करोड़ 13 लाख रुपये आंका गया है। संयुक्त टीम ने जांच के लिए 19 विभिन्न औषधियों के नमूने भी एकत्र किए हैं, जिन्हें तत्काल राजकीय प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेज दिया गया है। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने तथा विवेचना पूरी होने के बाद संबंधित दोषी व्यक्तियों एवं फर्मों के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्रवाई करते हुए परिवाद दाखिल किया जाएगा । कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मुख्य संचालकों में शामिल शिवम कसौधन पुत्र प्रमोद कसौधन निवासी रानी बाजार, बड़गांव, गोंडा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसका भाई एवं इस अवैध कारोबार का मुख्य संचालक अमन कसौधन मौके से फरार हो गया ।

उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं । अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से मन:प्रभावी एवं नशीली औषधियों का कारोबार कर युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने जैसे गंभीर अपराध को देखते हुए आरोपियों के विरुद्ध स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 की धारा 8/21 के तहत थाना कोतवाली नगर, गोंडा में एफआईआर संख्या 0676, दिनांक 19 जुलाई 2026 दर्ज कराई गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश सरकार नकली, अवैध एवं नशीली दवाओं के कारोबार के विरुद्ध शून्य सहनशीलता (Zero Tolerance) की नीति पर कार्य कर रही है। ऐसे अवैध नेटवर्क के विरुद्ध आगे भी लगातार अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके तथा समाज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# पुलिस-एसओजी की मुठभेड़ में तीन शातिर चोर गिरफ्तार





कर्नलगंज (गोण्डा)। जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और एसओजी टीम को शनिवार देर रात बड़ी सफलता मिली। बालपुर चौकी क्षेत्र के पंडित पुरवा मोड़ के पास पुलिस और शातिर बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार कर लिए गए। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। उनके कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, तीन अवैध तमंचे, दो मोटरसाइकिल तथा चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किए गए।पुलिस के अनुसार शनिवार रात करीब 9ः30 बजे कर्नलगंज, परसपुर और खरगूपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम तथा एसओजी संदिग्ध बदमाशों की तलाश में गश्त कर रही थी। पुलिस ने संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें चुनमुन चौहान उर्फ विशाल और शिवकुमार के पैरों में गोली लगी, जबकि तीसरे आरोपी रोशन लाल को घेराबंदी कर भागते समय दबोच लिया गया।पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि पांच दिन पूर्व कर्नलगंज के चौरी चौराहा स्थित दो ज्वेलर्स की दुकानों के शटर काटकर लाखों रुपये के आभूषण चोरी किए थे। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई थी। कैमरों का रुख मोड़ने की कोशिश के बावजूद उनकी गतिविधियां रिकॉर्ड हो गई थीं। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी खरगूपुर और परसपुर क्षेत्र में हुई कई अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे हैं।घायल बदमाशों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि एसओजी और तीनों थानों की टीम लगातार इन अपराधियों पर नजर रखे हुए थी। सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई कर तीनों को गिरफ्तार किया गया। बरामद आभूषणों की पहचान कराई जा रही है तथा अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ जारी है।

# कुर्रा बनाने के लिए धन की मांग सम्बन्धी शिकायत पर डीएम का कड़ा रूख

बहराइच । तहसील महसी में आयोजित आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपेन्द्र कुमार पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी ग्राम लालीपुरवा दा. केवलपुर द्वारा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के समक्ष एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि तत्कालीन लेखपाल दुर्गेश निगम द्वारा उसके भाई से कुर्रा बनाने के सम्बन्ध में पैसा लिया गया था और अतिरिक्त पैसे की मांग की जा रही थी। आरोपों की पुष्टि के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा एक आडियो क्लिप भी उपलब्ध कराया गया। उक्त प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी महसी को जांचोपरान्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम के सम्बन्धित प्रकरण की जांच राजस्व निरीक्षक/नायब तहसीलदार से कराते हुए आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये आडियो विलप के क्रम में तहसीलदार महसी की आख्या के अनुसार आरोपों की प्रथम दृष्टया पुष्टि करते हुए दुर्गेश निगम तत्कालीन लेखपाल तहसील महसी सम्प्रति तहसील कैसरगंज के विरुद्ध निलम्बित विभागीय कार्यवाही संचालित किये जाने हेतु संस्तुति सहित आख्या प्रेषित की गयी। तहसीलदार महसी की आख्या का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी कैसरगंज द्वारा वर्तमान में तहसील कैसरगंज के लेखपाल क्षेत्र रायगढ़ बेहडा में तैनात लेखपाल दुर्गेश निगम को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। सम्बन्धित प्रकरण में विभागीय कार्यवाही हेतु नायब तहसीलदार जरवल सुरेन्द्र कुमार वर्मा को जांच अधिकारी नामित करते हुए निलम्बित लेखपाल को भूलेख अनुभाग कैसरगंज से सम्बद्ध कर दिया गया है।

# पुलिस ने ई-कॉमर्स कंपनी को निशाना बनाने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश



कानपुर। कानपुर देहात पुलिस ने अमेजन जैसी ई-कॉमर्स कंपनी को निशाना बनाने वाले एक बड़े धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश किया है। भोगनीपुर थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह सुनियोजित तरीके से महंगे उत्पादों की धोखाधड़ी कर रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से आठ लाख रुपये नकद, घटना में इस्तेमाल की गई एक केआईए कार, एक पल्सर बाइक, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और छह सिम कार्ड बरामद किए हैं। यह मामला रूरा निवासी महेंद्र कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी रोहित ठाकुर उर्फ डिफाल्टर और उसका साथी मंजीत गुप्ता उर्फ जीनियस पिछले डेढ़ महीने से अमेजन की डिलीवरी प्रणाली का दुरुपयोग कर कंपनी को लाखों रुपये का चूना लगा रहे थे। पुलिस पूछताछ में पता चला कि रोहित ठाकुर ने फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल कर पुखरायां स्थित अमेजन डिलीवरी सेंटर में डिलीवरी बॉय की नौकरी हासिल की थी। जब उसे कालपी क्षेत्र का डिलीवरी रूट मिला, तो उसके साथी मंजीत ने उसी रूट के अलग-अलग फर्जी नाम और पतों से एप्पल वॉच, एप्पल एयरपॉड्स और अन्य महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान कैश ऑन डिलीवरी और प्रीपेड मोड पर ऑर्डर किए। जैसे ही ये पार्सल डिलीवरी सेंटर पहुंचते थे, रोहित उनकी जानकारी मंजीत को देता था। इसके बाद मंजीत ऑर्डर रद्द कर देता था, जिससे प्रीपेड रकम कंपनी द्वारा वापस कर दी जाती थी। इस बीच, दोनों आरोपी हीट गन की मदद से पार्सल की पैकिंग को बिना नुकसान पहुंचाए खोलते थे, असली सामान निकालकर उसकी जगह डमी उत्पाद रख देते थे। फिर पार्सल को दोबारा सील कर अमेजन कार्यालय में वापस जमा कर देते थे। पहली नजर में ये पैकेट सामान्य दिखते थे, जिससे किसी को शक नहीं होता था। पुलिस के मुताबिक, एक जून से 11 जून के बीच आरोपियों ने करीब दस लाख रुपये मूल्य के महंगे उत्पादों की धोखाधड़ी की। असली सामान को कानपुर और दिल्ली के व्यापारियों को बाजार भाव से कम कीमत पर बेच दिया। पुलिस ने आठ लाख रुपये नकद बरामद कर लिए हैं, जबकि करीब दो लाख रुपये आरोपियों के खातों में होने की जानकारी मिली है, जिन्हें फ्रीज कराने की कार्रवाई की जा रही है। भोगनीपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 317(2) के तहत कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस गिरोह से कोई अन्य व्यक्ति या नेटवर्क जुड़ा है या नहीं। कानपुर देहात पुलिस की इस कार्रवाई को ई-कॉमर्स फ्रॉड के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# सरयू के बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन अलर्ट




टिकैतनगर (बाराबंकी)। सरयू नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। शनिवार को क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट सौरभ श्रीवास्तव ने पुलिस टीम के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान टिकैतनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने सबसे पहले लोढेमऊ एवं परसावल स्थित बाढ़ राहत केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने लाइफ जैकेट पहनकर नाव के माध्यम से सरयू नदी के तटवर्ती क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान नदी के बढ़ते जलस्तर, कटान प्रभावित स्थानों तथा संवेदनशील गांवों की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया गया।

सीओ ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नियमित गश्त की जाए, जलस्तर में होने वाले प्रत्येक बदलाव पर सतर्क निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें अनावश्यक रूप से नदी के किनारे न जाने, अफवाहों से दूर रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि बाढ़ जैसी किसी भी आपदा से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह तैयार है। सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं बचाव की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। लोगों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखे गए हैं।

# पुलिस व एसएसबी टीम ने गस्त के दौरान 53 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार




बहराइच। थाना रूपईडीहा अंतर्गत को प्रभारी निरीक्षक थाना रूपईडीहा हरेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक युवक को तिरपन ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।मालूम हो कि थाना रुपईडीहा पुलिस व SSB टीम द्वारा सीमा क्षेत्र में गस्त की जा रही थी कि पिलर सं0 651/2 से नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले रास्ते पर भारतीय सीमा से नेपाल की तरफ जाते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ व तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 53 ग्राम नाजायज स्मैक व 200 रू0 भारतीय और 100 रू0 नेपाली मुद्रा बरामद हुआ।पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम शमीम अहमद पुत्र लल्लन रायनी उम्र करीब 38 वर्ष निवासी चिकवन मोहल्ला मुनीरगंज थाना रूपइडीहा जनपद बहराइच बताया।अभियुक्त को हिरासत में लेकर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 182/2026 धारा 8/21 NDPS ACT पंजीकृत किया गया द्य अभियुक्त के विरुद्ध विधिक प्रक्रिया अनुरूप आवश्यक कार्यवाही की गयी।पुलिस द्वारा अभियुक्त का कई पूर्व आपराधिक इतिहास होने की बात बताई गई।उक्त की गिरफ्तारी पुलिस टीम में उ0नि0 अजय कुमार,का0 सोविन्द्र यादव,का0 मनोज वर्मा,का0 अभिषेक सिंह,का0 अभिषेक राय, का0 रविन्द्र यादव थाना रूपइडीहा व एसएसबी टीम से INSP/GD अभिषेक त्रिपाठी, CT/GDबलराम सिंह भदौरिया, CT/GD सोहन राय,CT/GD राहुल कटारिया,डाग हैंडलर CT/GD गुरूदेव यादव मय डाग AXEL NO-B876 GSD मेल , F- कम्पनी 42 BN नानपारा बहराइच शामिल रहे।

# मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरूक



बहराइच। मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय चरण के तहत मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया गया।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई प्री-सिटिंग बैठक

बहराइच । सम्पूर्ण भारतवर्ष में सर्वोच्च न्यायालयों में लंबित वादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने तथा सहभागी न्याय और न्याय की घर-घर तक पहुँच के विज़न को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मा. सर्वोच्च न्यायालय में 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत से पूर्व जनपद बहराइच में पूर्व में हुई प्री-सिटिंग के क्रम में जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह द्वारा न्यायालय स्थित मीटिंग हाल में आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित पक्षकारों से वार्ता कर सुलह का प्रयास किया गया। मौजूद पक्षकारों को सुझाव दिया गया अग्रिम प्री-सिटिंग बैठक 23 जुलाई में आप लोग प्रतिभाग करें।

जनपद न्यायाधीश सिंह ने पक्षकारों से अपील की कि मा. सर्वोच्च न्यायालय में समाधान समारोह 2026 अन्तर्गत 21, 22 व 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत का भरपूर लाभ उठाते हुए लंबित मामलों का आधिकाधिक निस्तारण करायें। विशेष लोक अदालत से पूर्व आयोजित होने वाली सुलह बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थतथा/अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकार/समिति पक्षकारों की मदद करेंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनोद कुमार यादव ने बताया कि सुलह प्रयास बैठकों/वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं। श्री यादव ने बताया कि समाधान समारोह के सम्बन्ध में सहायक एवं जानकारी के लिए स्थापित किये गये वन स्टॉप सेन्टर (वार रूम) के प्रभारी का दूरभाष नम्बर 011-23112428 अथवा 011-23112528 तथा सी.आर.पी. निदेशक के दूरभाष नम्बर 011-23115652 व 011-23116465 पर सम्पर्क किया जा सकता है। विशेष लोक अदालत के सम्बन्ध में जनकारी प्राप्त करने के लिए जनपद न्यायालय की वेबसाइट तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दूरभाष नम्बर 05252-297175 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# डीएम व एसपी ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ महसी तहसील क्षेत्र में बेलहा-बेहरौली तटबंध पर संचालित बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सरयू ड्रेनेज खंड-प्रथम तथा तहसीलदार महसी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि परियोजना अन्तर्गत स्पर निर्माण हेतु बेलहा-बेहरौली तटबंध के किलोमीटर 49.100 पर लगभग 450.00 मीटर लम्बाई में मिट्टी का शैंक बनाकर नोज भाग में 18.00 मीटर, अपस्ट्रीम भाग में 120.00 मीटर तथा डाउनस्ट्रीम में 60.00 मीटर लम्बाई में वायर क्रेट में बोल्डर का लांचिग एप्रन एवं 0.30 मीटर मोटाई का वायर क्रेट में स्लोप पिंचिग का कार्य प्रस्तावित था। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत मिट्टी का शैक, बोल्डर लॉन्चिंग एप्रन तथा वायर क्रेट में स्लोप पिचिंग का कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य 8 मई 2026 से प्रारंभ होकर 3 नवंबर 2026 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

अधिशासी अभियंता सरयू ड्रेनेज खंड-प्रथम के अनुसार वर्तमान में परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष स्लोप पिचिंग का कार्य अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया कि वर्षाकाल को देखते हुए तटबंधों एवं बाढ़ प्रभावित गांवों की सतत निगरानी की जाए तथा आवश्यक सुरक्षा एवं बचाव संबंधी सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी भी संभावित बाढ़ की स्थिति में जन-धन की हानि से बचा जा सके।

# डॉ0 अशोक ''गुलशन'' को मिला अंतरराष्ट्रीय तेजस्वी सम्मान




बहराइच। गत दिनों अंतरराष्ट्रीय सरस्वती साहित्य समिति लखनऊ द्वारा ए वाई 7 रेस्टोरेंट कपूरथला लखनऊ में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन डॉ0 आरती शुक्ला एवं डॉ0 प्रिया ठाकुर द्वारा किया गया जिसमें चार दशक से चिकित्सा, साहित्य तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों हैतु सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी तथा बहराइच एवं श्रावस्ती के पूर्व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अशोक पाण्डेय गुलशन को अंग वस्त्र,प्रतीक चिन्ह तथा सम्मान पत्र प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय राइफल शूटर दुर्गेश त्रिपाठी द्वारा अंतरराष्ट्रीय तेजस्वी सम्मान से सम्मानित किया गया।

अब तक 102 देशों से 2802 सम्मान, पुरस्कार, उपाधि, अलंकरण, प्रशस्ति-प्रमाण पत्रों से सम्मानित एवं 26 प्रकाशित पुस्तको के रचयिता तथा सबसे लम्बी ग़ज़ल, सबसे बड़ी ग़ज़ल, सबसे छोटी ग़ज़ल. दोहा ग़ज़ल, मुहावरा ग़ज़ल, अद्वितीय ग़ज़ल, बड़ा/लम्बा/अद्वितीय गीत, एक वर्ष में सर्वाधिक सम्मान प्राप्तकर्ता, साहित्य में सर्वाधिक सम्मान प्राप्तकर्ता, विभिन्न क्षेत्रों में सबसे कम उम्र के सर्वाधिक ऑनरेरी डॉक्टरेट प्राप्तकर्ता तथा 655 नाम के 12634 हिन्दी अख़बारों के संग्रहकर्ता कुल 11 प्रकार के 56 विश्व/राष्ट्रीय रिकार्ड बनाये जा चुके हैं जिसे लिम्का बुक, वर्ल्ड बुक सहित 56 राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय रिकार्ड बुक्स में सम्मिलित किया गया है। ज्ञातव्य है कि 6 देशों सहित भारत के 22 राज्यों तथा उ0प्र0 के 56 जनपदों से 1222 नामों से प्रकाशित पत्र/पत्रिकाओं/संकलनों में इनकी लगभग चार हजार रचनायें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा इनकी रचनाओं को पद्मश्री डॉ0 सोमा घोष सहित कई गायक/गायिकाओं ने स्वर दिया है7 11 संकलनों के संपादक डॉ0 गुलशन की रचनाधर्मिता पर ''डॉ0 अशोक ''गुलशन'' का हिन्दी साहित्य में योगदान'' विषय पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा एम0फिल0 हुई है तथा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पीएच0 डी0 के शोध ग्रन्थ में उनकी छोटी बहर की ग़ज़ल सम्मिलित की गई है।

# विद्यार्थियों में ज्ञान की जिज्ञासा जगाना ही आचार्यों का दायित्व




सुलतानपुर। सुलतानपुर के सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर के शिशु मंदिर सभागार में रविवार को गणित एवं विज्ञान वर्ग के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी ने कहा कि विद्यार्थियों को ज्ञान पिपासु बनाने में आचार्यों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के भीतर ज्ञान प्राप्त करने की जिज्ञासा और व्याकुलता उत्पन्न करने का आह्वान किया। शेषधर द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि ज्ञान प्राप्त करने की एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि आचार्य स्वयं को केवल एक उत्प्रेरक मानें और विद्यार्थियों को इस प्रकार प्रेरित करें कि उनमें सीखने की स्वाभाविक इच्छा विकसित हो। उन्होंने पंचपदी शिक्षण पद्धति के साथ ज्ञानेन्द्रियों एवं कर्मेंद्रियों के समन्वित विकास पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सुलतानपुर संकुल प्रमुख राकेश मणि त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया। उन्होंने कहा कि गणित एवं विज्ञान प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य आचार्यों को ऐसे कौशल प्रदान करना है, जिससे वे विद्यार्थियों के अधिगम को बेहतर बना सकें और बदलते कक्षा परिवेश के अनुरूप प्रभावी शिक्षण कर सकें। उन्होंने प्रत्येक छात्र तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने पर जोर दिया। गणित विषय के प्रशिक्षक एवं गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभागाध्यक्ष डॉ. जेएन मिश्र ने गणितीय सूत्रों और गणनाओं की सरल एवं सूक्ष्म व्याख्या की। उन्होंने आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षण कौशल को प्रभावी बनाने के उपाय भी बताए। विज्ञान विषय के प्रशिक्षक के रूप में केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता एवं जिला विज्ञान समन्वयक शैलेंद्र चतुर्वेदी ने आधुनिक शिक्षण तकनीकों, प्रायोगिक गतिविधियों और नई वैज्ञानिक अवधारणाओं पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि विज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़कर पढ़ाने से विद्यार्थियों की रुचि बढ़ती है। केंद्रीय विद्यालय अमहट के भौतिक विज्ञान प्रव
क्ता अभिषेक तिवारी और विज्ञान शिक्षिका उर्मिला ने विज्ञान शिक्षण में नवाचारों से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया। वहीं रसायन विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. शशांक श्रीवास्तव ने नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप विज्ञान विषय के प्रभावी शिक्षण के विभिन्न पहलुओं से शिक्षकों को अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्या भारती के पूर्णकालिक कार्यकर्ता सुमंत पाण्डेय,आदि उपस्थित रहे।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.-55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# आत्मबोध और चिंतन से ही मिलेगा जीवन को सही मार्ग : कुलपति

### कृषि विश्वविद्यालय में उन्नयन कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञों ने छात्रों को व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में रविवार को छात्र-छात्राओं के लिए उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवाद, चिंतन, आत्मबोध, व्यक्तित्व विकास तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कुलपति डॉ ज्ञानेन्द्र सिंह व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बतौर मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि आत्मबोध, आत्मचिंतन एवं दार्शनिक चिंतन को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मूल्य व्यक्ति के व्यक्तित्व को समृद्ध करते हैं और उसे राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान देने के योग्य बनाते हैं।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पद्मश्री डॉ. राजेश कुमार ग्रोवर ने जीवन में अनुशासन, सेवा और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। दार्शनिक एवं चिंतक डॉ. अरुण प्रकाश ने आत्मचिंतन और भारतीय ज्ञान परंपरा की उपयोगिता पर विचार रखे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की सहायक प्रॉक्टर डॉ. मीनाक्षी जोशी ने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण और आत्मविश्वास का संदेश दिया, जबकि इस्कॉन, कुशीनगर की उपाध्यक्ष आचार्य गर्ग मुनि दास ने आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन की सफलता का आधार बताया।कृषि विश्वविद्यालय एवं अभिनव भारत न्यास के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।स्वागत संबोधन डीएसडब्ल्यू डॉ डी. नियोगी ने किया। अभिनव भारत राजपूत ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया व संचालन डॉ अजय त्रिपाठी व शशि साहू ने किया। इस मौके पर समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, छात्र छात्राएं तथा अभिनव भारत न्यास के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विवाहिता ने फांसी के फंदे से लटक की आत्महत्या

**शुजागंज ( अयोध्या )।** कोतवाली रूदौली क्षेत्र के संदरी मजरे मंहगू पुरवा में एक विवाहिता ने घर के अंदर फांसी के फंदे से लटक आत्महत्या कर लिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में ले पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र की शुजागंज चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत सड़री के मजरे महंगू का पुरवा में शनिवार की रात 26 वर्षीय राधा पत्नी शिव प्रताप यादव ने घर के अंदर फंदे से लटक फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा।

# स्पर्धा खेलकूद कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई

**अयोध्या।** झुनझुनवाला पीजी कॉलेज अयोध्या द्वारा शनिवार को इंटर कॉलेज अस्तर तक के महिला पुरुष वर्ग का खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि निदेशक डॉक्टर निर्भय मिश्रा एवं प्राचार्य डॉक्टर सरिता मिश्रा ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया निदेशक ने कहा कि यूनाइटेड नेशनस का विश्व स्तर पर एचडी जींस को 2030 तक सभी देशो के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त करना है जिसमें की एसजी 3 अच्छा स्वास्थ्य एवं अच्छा जीवन एस जी 4 मे उत्तम शिक्षा विद्यार्थियों के इन लक्ष्य पूरा करने के लिए झुनझुनवाला पीजी कॉलेज कटिबंध है ताकि जिला राज्य एवं राष्ट्र स्तर तक को हम मजबूती प्रदान कर सकें इसी को देखते हुए स्पर्धा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 30 से अधिक अंतर स्तरीय विद्यालय की टीमों ने प्रतिभा किया क्रीड़ा प्रभारी वीरेंद्र यादव, समन्वयक डॉक्टर अनुराधा शुक्ला, सह समन्वयक विमल सिंह यादव ने कार्यक्रम का आयोजन कराया वॉलीबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता यश विद्या मंदिर, कैंब्रियन, ग्रामर एकेडमी, विद्या इंटरनेशनल कॉलेज, फैजाबाद पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, पृथ्वीराज चौहान इंटर कॉलेज, आई एम एकेडमी के बीच हुआ जिसमें ग्रामर एकेडमी विजेता एवं विद्या इंटरनेशनल कॉलेज उपविजेता रहे वॉलीबॉल महिला वर्ग की प्रतियोगिता निर्भय इंटर कॉलेज, आई एम ए इंटर कॉलेज, विद्या इंटर कॉलेज, यश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, के बीच हुई जिसमें आई एम इंटर कॉलेज विजेता एवं यश विद्या मंदिर उपविजेता घोषित हुए कबड्डी पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता के एम स्कूल विद्या इंटरनेशनल कॉलेज, यश विद्या मंदिर, आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, अवध इंटरनेशनल कॉलेज, के बीच खेला गया जिसमें अवध इंटरनेशनल विजेता एवं यश विद्या मंदिर को उपविजेता का पदक प्राप्त हुआ कबड्डी महिला वर्ग अवध इंटरनेशनल इमा इंटर कॉलेज, आदर्श बालिका इंटर कॉलेज, के बीच खेला गया जिसमें आई एम ए इंटर कॉलेज की टीम विजेता एवं आदर्श बालिका इंटर कॉलेज की टीम उप विजेता घोषित हुई कार्यक्रम में रेफरल विजय कुमार, सुनील कुमार चौधरी, राजेंद्र प्रताप आदि रहे संचालन डॉक्टर अनुराधा शुक्ला बृजेश कुमार तथा हुमा अफरोज, खुशबू , पूर्णिमा तिवारी सी बी सिंह अरुण पांडे मुख्य सहयोगी रहे उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कार्तिकेय श्रीवास्तव ने दी



## मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित

**रानी बाजार, अयोध्या।** विकासखंड मसौधा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनदैला में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क उपचार एवं दवाओं का वितरण किया गया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश प्रकाश ने बताया कि मेले में कुल 29 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 14 महिलाएं, 12 पुरुष तथा 03 बच्चे शामिल रहे। उन्होंने बताया कि अधिकांश मरीज बुखार एवं खुजली से पीड़ित पाए गए, जिनका परीक्षण कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

मेले के दौरान दो गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई। जांच में खून की कमी पाए जाने पर उन्हें आयरन एवं अन्य आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया।

इस अवसर पर फार्मासिस्ट ओपी सोनी तथा स्वास्थ्यकर्मी नित्या पांडे मायावती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनएचएआई बड़ी की लापरवाही के कारण बारिश शुरू होते ही टापू बनी भेलसर चौराहा की सड़क

### लोगों ने अधूरे नालों का निर्माण एंव जल निकासी की व्यवस्था किए जाने की डीएम से की मांग

**शुजागंज अयोध्या।** रूदौली तहसील क्षेत्र अयोध्या लखनऊ व लखनऊ से अयोध्या जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के भेलसर चौराहे पर बारिश होते ही आम जनता के लिए भारी मुसीबत बन जाती है। इन दिनों नेशनल हाइवे की दोनों ओर की सर्विस रोड सड़क कम और तालाब ज्यादा नजर आ रही हैं। थोड़ी देर की हुई बारिश के बाद पूरा इलाका जलमग्न हो गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बने दोनों साइड के नाले कई वर्ष बीत जाने के बाद आज तक अधूरे ही पड़े हुए हैं जिनकी एनएचएआई विभाग की कोई फिक्र ही नहीं है।जिस कारण स्थानीय निवासियों एंव बारिश का पानी निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण सीधे दोनों तरफ की सड़क पर भर जाता है और कुछ ही मिनटों में सर्विस रोड स्विमिंग पुल की शक्ल में तब्दील हो जाता है। जिस कारण दोपहिया वाहन चालक पानी में



धीरे-धीरे निकलने को मजबूर होते हैं जबकि चारपहिया वाहन चालक पानी की गहराई का अंदाजा लगाते हुए जान जोखिम उठाकर गुजरते दिखाई देते हैं। सड़क पर जलभराव से सबसे ज्यादा परेशानी पैदल चलने वाले राहगीरों को उठानी पड़ रही है कई स्थानों पर जलभराव इतना अधिक होने के कारण लोगों को जूते-चप्पल हाथ में लेकर पानी में हिलकर गुजरना पड़ रहा है।वहीं स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जलभराव अधिक जोन के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पाते जिससे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि जब से राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण हुआ है तब से हर वर्ष बरसात में यही स्थिति बनी रहती है, लेकिन विभाग के जिम्मेदार केवल आश्वासन देकर अपना काम चला कर निकल जाते हैं।क्षेत्र के स्थानीय निवासियों का कहना है कि समाधान दिवस से लेकर एनएचएआई और प्रशासन को कई बार शिकायतें की गईं लेकिन अधूरे नालों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं कराया गया है। भेलसर चौराहे की मौजूदा तस्वीरें प्रशासनिक दावों पर सवाल खड़े कर रही हैं।सड़क दोनों साइड में अधूरे नाले जगह से टूट चुके हैं जल भराव के कारण राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर किसी तरह निकलने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो यह जलभराव किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।स्थानीय व्यपारियो, निवासियों एंव राहगीरों ने जिलाधिकारी अयोध्या से राष्ट्रीय राजमार्ग पर भेलसर चौराहा के दोनों साइड की सड़कों व दुकानदारों एंव निवासियों के घरों के पानी निकासी के लिए नाला निर्माण कराए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब तक राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड व पानी की निकासी के लिए विभाग द्वारा नाले का निर्माण सही ढंग से नहीं कराया गया तो हर बरसात में भेलसर चौराहा मिनी टापू का रूप ही धारण करता रहेगा।

## उ.प्र.माध्यमिक शिक्षक संघ (नारायण गुट) का सदस्यता कार्यक्रम संपन्न



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ नारायण गुट के प्रदेश अध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, प्रदेश महामंत्री शशिकांत पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष घनश्याम तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र गुप्त,प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद अहमद अंसारी, प्रदेश मंत्री/ जिला मंत्री अंकुर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी, वरुण त्रिपाठी ने जनपद के संस्कृत विद्यालयों/ महाविद्यालयों श्री नारायण संस्कृत महाविद्यालय रानोपाली, श्री त्रिदंडदेव महाविद्यालय, जैन गुरुकुल संस्कृत उच्चतर महाविद्यालय, गोवर्धन संस्कृत महाविद्यालय, गायत्री ब्रह्मचर्य आश्रम संस्कृत विद्यालय, अनादि ब्रह्म संस्कृत विद्यालय अशर्फी भवन, श्रीनिवास बोधायन रामानुज संस्कृत महाविद्यालय उत्तर मठ का सघन जनसंपर्क किया गया और शिक्षक समस्याओं को रेखांकित किया गया।माध्यमिक की भांति शत प्रतिशत संस्कृत शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत कराने तथा उत्तर मध्यमा स्तर के छात्रों का शिक्षण शुल्क मुक्त कराएं जाने का आश्वासन देते हुए सरकार से पैरवी करके शासनादेश निर्गत कराने का निर्णय लिया गया। जनपद के सभी विद्यालयों के संपर्क के बाद अन्य जनपदों में भी शीघ्र जनसंपर्क करने की योजना पर सहमति हुई।शिक्षकों के उत्साह और अपार सहयोग को देखकर प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी संतुष्ट दिखे।

# इनरव्हील क्लब ऑफ फैज़ाबाद का भव्य पदग्रहण समारोह संपन्न

**अयोध्या।** इनरव्हील क्लब ऑफ फैज़ाबाद का वार्षिक पदग्रहण समारोह होटल टिप्सी टाउन में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मधु कामानी ने वर्ष 2026ङ्27 के लिए रेणु रस्तोगी को क्लब की अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई।

नई कार्यकारिणी में विधि अग्रवाल ने सचिव, रेणु सिंघल ने उपाध्यक्ष, किरण सक्सेना ने आई.एस.ओ., नीता आचार्य ने कोषाध्यक्ष तथा मोनिका अग्रवाल ने क्लब कॉरेस्पॉन्डेंट का पदभार ग्रहण किया। आई.पी.पी. निशा गोयल ने नवगठित टीम को शुभकामनाएँ देते हुए सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

समारोह में जोनल हेड रीता खत्री, कोऑर्डिनेटर स्नेहलता अग्रवाल, इनरव्हील क्लब मैत्री की निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. शशि मिश्रा, क्लब की पूर्व अध्यक्षगण बीना अग्रवाल, अनीता सर्राफ, मीरा अग्रवाल, डॉ. सरिता गुप्ता, रेनू अग्रवाल, मधु सेठी, डिंपल बंसल सहित अनेक वरिष्ठ सदस्याएं एवं




गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं गरिमामय संचालन प्रो. मीनू दुबे ने किया। मंडलाध्यक्ष का जीवन-वृत्त क्लब सदस्य नमिता मेहरोत्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर क्लब की संपादक मोनिका अग्रवाल द्वारा संपादित वर्ष 2026ङ्27 के प्रथम क्लब न्यूज़लेटर मधुमंजरी का डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मधु कामानी के कर-कमलों द्वारा विमोचन कराया गया।समारोह के दौरान क्लब द्वारा विभिन्न सेवा परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। पूर्व अध्यक्ष ममता सिंह, अंजू विकास एवं स्वाति टंडन के मार्गदर्शन में जरूरतमंद लाभार्थियों को व्हीलचेयर, साइकिल, टैबलेट, इन्वर्टर, छाते, स्पोर्ट्स ट्रैक सूट सहित अनेक उपयोगी सामग्री वितरित की गई। ग्यारह से ज्यादा परियोजनाओं के माध्यम से क्लब ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता को पुन: सुदृढ़ किया। एक पेड़, एक सदस्य प्रोजेक्ट की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से संपन्न की गई।

कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सेवा, मित्रता एवं अंतरराष्ट्रीय सद्भाव के इनरव्हील आदर्शों का पालन करते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने तथा महिला सशक्तिकरण के नए आयाम स्थापित करने का संकल्प लिया।

# चीनी मिल रौजागांव के निकट ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**शुजागंज अयोध्या ।** कोतवाली रूदौली क्षेत्र के लखनऊ गोरखपुर रेलवे प्रखंड रोजा गांव चीनीमिल के निकट ट्रेन से कटकर महिला की मौत हो गई सूचना पर पहुंची रेलवे एवं कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में ले पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।लखनऊ गोरखपुर रेल प्रखंड चीनी मिल रौजागांव के निकट ट्रेन से कटकर महिला की मौत हो गई महिला किसी काम से घर से निकली थी ट्रेक पार करते समय चपेट में आकर मौत हो गई शनिवार को रौजागांव रेलवे स्टेशन के पच्छिम लाइन पर शव क्षत-विक्षत पड़ा देखकर रेल कर्मचारियों ने रुदौली रेलवे पुलिस को सूचना दिया सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक कैसर खॉ पहुंच कर डेड बॉडी को उठवाकर यातायात व्यवस्था बहाल करवाय वहीं कोतवाली रुदौली निरीक्षक संजय मौर्य अपराध निरीक्षक शत्रुघ्न यादव मौके पर पहुंच कर जांचों उपरांत बताया कि रौजागांव निवासी दाताराम चौहान की पत्नी रीता 35 वर्ष रेलवे लाइन पार करते समय हादसा हुआ है। फिर हाल जांच किया जा रहा है। पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दीया है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अंकपत्र 20575 96 का मूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है ।

**प्रार्थिनी- एरम फात्मा**
**पुत्री अब्दुल मन्नान**
**निवासी मोहल्ला व पोस्ट मुबारकपुर**
**तहसील टाण्डा जिला अम्बेडकरनगर**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2710312 का मूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है ।

**प्रार्थिनी- अफरोज खातून**
**पुत्री कमर अहमद**
**ग्राम व पोस्ट हुसेनपुर सुधाना**
**तहसील टाण्डा, जिला -अम्बेडकरनगर**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2135415 का मूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है ।

**प्रार्थी-आलोक सिंह यादव**
**पुत्र-रामवृक्ष यादव**
**ग्राम रायपुर पोस्ट -आसोपुर तहसील टाण्डा जिला -अम्बेडकरनगर**

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान अष्टम अपर जिला जज अयोध्या

एम.सी.एफ.सं-79/2025

ता0 पेशी0 27.07..26

जमाल अहमद...........वादी

बनाम

मंजूर अहमद आदि.....विपक्षीगण

बनाम-1.मंजूर अहमद पुत्र जमा खां 2.मो.कौशर 3.मो.हासिर 4.मो.आदिल पुत्रगण अब्दुल गफ्फार 5.मो.अहमद पुत्र तुफैल अहमद निवासी ग्राम जगनपुर परगना मंगलसी तहसील सोहावल जिला अयोध्या........विपक्षीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 07 के 27 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 07 के 17 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी.डि. अयोध्या

स.प्र.वाद सं-75/22

ता0 पेशी0 17.08.26

श्रीनाथ..................... प्रार्थी

बनाम

कलावती आदि..........विपक्षीगण

बनाम-3.दिनेश कुमार पुत्र गिरिजा प्रसाद 4. साधना देवी पत्नी स्वतंत्र कुमार 5. कु.गौरी पुत्री स्वतंत्र कुमार समस्त निवासीगण ग्राम नसौपुर परगना सुरहुरपुर तहसील जलालपुर जिला अम्बेडकरनगर.....विपक्षीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 08 के 17 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 07 के 17 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सदर जू.डि. अयोध्या

मूलवाद संख्या- 1020/24

तारीख पेशी- 21.07.26

माधव प्रसाद .................... वादी

बनाम

बृजमोहनदास आदि....प्रतिवादीगण

बनाम-1. बृजमोहन दास चेला कमल दास निवासी मो. सिद्ध द्वारा हनुमानगढी अयोध्या परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या 2. कौशलेन्द्र पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम पूरे ब्रम्हचारी परगना व तहसील तरबगंज जिला गोण्डा 3. गोविन्द कुमार पुत्र रामकृपाल निवासी ग्राम छतिरवा परगना हवेली अवध तहसील सोहावल जिला अयोध्या... प्रतिवादीगण

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 21 माह 07 सन् 2026 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसब्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज तारीख 17 माह 07सन् 2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

उत्तर प्रदेश असाधारण गजट, 14 सितम्बर 2000

प्रपत्र संख्या- 3

फैजाबाद श्रीमान प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश अयोध्या

वाद सं.- 194/2016

धारा 144 बीएनएसएस

थाना कैण्ट जिला अयोध्या

तारीख पेशी- 11.08.26

सना बानो आदि............. याचीगण

बनाम

मो.मेराज पुत्र मो.रफीक निवासी ग्राम देहात सखावत पुरा पोस्ट रिकाबगंज अब्बूसराय जनपद अयोध्या...प्रत्यर्थी

सेवा में,

चूंकि ऊपर नामित याची ने आपके विरूद्ध जैसा याचिका में दिया गया है एक याचिका संस्थित की है। (याचिका संलग्न करें)

आपसे इस सम्मन के आपको तामील होने के दिनांक से तीन सप्ताह के भीतर इस न्यायालय में स्वयं हाजिर होने का न्यायालय की अनुमति से वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है।

और चूंकि वाद को निवेश के लिये 11 दिवस 08 माह सन् 2026 को न्यायाधीश के कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

आपको एतद्द्वारा याची के दावे का उत्तर देने के लिये उक्त 11 दिवस 08 माह सन् 2026 को न्यायाधीश के समक्ष पूर्वान्ह 11 बजे उपस्थित होने के लिए सम्मन किया गया है और सूचना दी जाती है कि पूर्व उल्लिखित दिनांक को पक्षों को, जो उपस्थित हों, सुनने के पश्चात न्यायाधीश द्वारा कुटुम्ब न्यायालय के परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई के दिनांक के संबंध में और याचिका से संबंधित अन्य मामलों में निर्देश दिये जायेगें और अग्रसर सूचना दी जाती है कि यदि पूर्व उल्लिखित दिवस को न्यायाधीश के समक्ष स्वयं हाजिर होने या ऊपर यथा अपेक्षित वकालत नामा दाखिल करने या आप उपस्थित होने में असक्त रहते हैं तो याचिका को उसी दिन या किसी अनुवर्ती दिवस को अप्रविवादित के रूप में बोर्ड के समक्ष रखा जायेगा और आपके विरूद्ध पारित किसी डिक्री या आदेश के लिये आप उत्तरदायी होगें।

साक्षी........प्रधान न्यायाधीश पूर्वोवत आज 17 दिवस 07 माह सन् 2026 को न्यायालय की मुद्रा सहित जारी की जाती है।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

उत्तर प्रदेश असाधारण गजट, 14 सितम्बर 2000

प्रपत्र संख्या- 3

फैजाबाद श्रीमान प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश अयोध्या

वाद सं.- 217/2026

धारा 144 बीएनएसएस

थाना बाबा बाजार

तारीख पेशी- 10.08.26

श्रीमती पूजा आदि............. याचीगण

बनाम

नरेन्द्र शुक्ला पुत्र श्री सूर्यभान निवासी ग्राम पूरे होलई शुक्ल मजरा विहारा थाना बाबा बाजार जिला अयोध्या...प्रत्यर्थी

सेवा में,

चूंकि ऊपर नामित याची ने आपके विरूद्ध जैसा याचिका में दिया गया है एक याचिका संस्थित की है। (याचिका संलग्न करें)

आपसे इस सम्मन के आपको तामील होने के दिनांक से तीन सप्ताह के भीतर इस न्यायालय में स्वयं हाजिर होने का न्यायालय की अनुमति से वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है।

और चूंकि वाद को निवेश के लिये 10 दिवस 08 माह सन् 2026 को न्यायाधीश के कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

आपको एतद्द्वारा याची के दावे का उत्तर देने के लिये उक्त 10 दिवस 08 माह सन् 2026 को न्यायाधीश के समक्ष पूर्वान्ह 11 बजे उपस्थित होने के लिए सम्मन किया गया है और सूचना दी जाती है कि पूर्व उल्लिखित दिनांक को पक्षों को, जो उपस्थित हों, सुनने के पश्चात न्यायाधीश द्वारा कुटुम्ब न्यायालय के परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई के दिनांक के संबंध में और याचिका से संबंधित अन्य मामलों में निर्देश दिये जायेगें और अग्रसर सूचना दी जाती है कि यदि पूर्व उल्लिखित दिवस को न्यायाधीश के समक्ष स्वयं हाजिर होने या ऊपर यथा अपेक्षित वकालत नामा दाखिल करने या आप उपस्थित होने में असक्त रहते हैं तो याचिका को उसी दिन या किसी अनुवर्ती दिवस को अप्रविवादित के रूप में बोर्ड के समक्ष रखा जायेगा और आपके विरूद्ध पारित किसी डिक्री या आदेश के लिये आप उत्तरदायी होगें।

साक्षी........प्रधान न्यायाधीश पूर्वोवत आज 17 दिवस 07 माह सन् 2026 को न्यायालय की मुद्रा सहित जारी की जाती है।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

उत्तर प्रदेश असाधारण गजट, 14 सितम्बर 2000

प्रपत्र संख्या- 3

फैजाबाद श्रीमान प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश अयोध्या

वाद सं.- 447/2025

धारा 144 बीएनएसएस

थाना रामजन्मभूमि जिला अयोध्या

तारीख पेशी- 06.08.26

गीता .................... याची

बनाम

अमलेश कुमार मांझी पुत्र खुशीराम माझी निवासी कटरा मछवाना गली थाना रामजन्मभूमि अयोध्या...प्रत्यर्थी

सेवा में,

चूंकि ऊपर नामित याची ने आपके विरूद्ध जैसा याचिका में दिया गया है एक याचिका संस्थित की है। (याचिका संलग्न करें)

आपसे इस सम्मन के आपको तामील होने के दिनांक से तीन सप्ताह के भीतर इस न्यायालय में स्वयं हाजिर होने का न्यायालय की अनुमति से वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है।

और चूंकि वाद को निवेश के लिये 06 दिवस 08 माह सन् 2026 को न्यायाधीश के कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

आपको एतद्द्वारा याची के दावे का उत्तर देने के लिये उक्त 06 दिवस 08 माह सन् 2026 को न्यायाधीश के समक्ष पूर्वान्ह 11 बजे उपस्थित होने के लिए सम्मन किया गया है और सूचना दी जाती है कि पूर्व उल्लिखित दिनांक को पक्षों को, जो उपस्थित हों, सुनने के पश्चात न्यायाधीश द्वारा कुटुम्ब न्यायालय के परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई के दिनांक के संबंध में और याचिका से संबंधित अन्य मामलों में निर्देश दिये जायेगें और अग्रसर सूचना दी जाती है कि यदि पूर्व उल्लिखित दिवस को न्यायाधीश के समक्ष स्वयं हाजिर होने या ऊपर यथा अपेक्षित वकालत नामा दाखिल करने या आप उपस्थित होने में असक्त रहते हैं तो याचिका को उसी दिन या किसी अनुवर्ती दिवस को अप्रविवादित के रूप में बोर्ड के समक्ष रखा जायेगा और आपके विरूद्ध पारित किसी डिक्री या आदेश के लिये आप उत्तरदायी होगें।

साक्षी........प्रधान न्यायाधीश पूर्वोवत आज 17 दिवस 07 माह सन् 2026 को न्यायालय की मुद्रा सहित जारी की जाती है।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

उत्तर प्रदेश असाधारण गजट, 14 सितम्बर 2000

प्रपत्र संख्या- 3

फैजाबाद श्रीमान प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश अयोध्या

वाद सं.- 435/25

धारा 144 बीएनएसएस

तारीख पेशी- 18.08.26

श्वेता सिंह .................... याची

बनाम

सन्तोष कुमार सिंह पुत्र स्व. बब्बन सिंह निवासी ग्राम कर्मा कोडरी थाना पूराकलंदर जनपद अयोध्या वर्तमान निवासी मो. जे.बी पुरम कौशलपुरी फेस-2 ज्योति सदन थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या....विपक्षी

सेवा में,

चूंकि ऊपर नामित याची ने आपके विरूद्ध जैसा याचिका में दिया गया है एक याचिका संस्थित की है। (याचिका संलग्न करें)

आपसे इस सम्मन के आपको तामील होने के दिनांक से तीन सप्ताह के भीतर इस न्यायालय में स्वयं हाजिर होने का न्यायालय की अनुमति से वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है।

और चूंकि वाद को निवेश के लिये 18 दिवस 08 माह सन् 2026 को न्यायाधीश के कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

आपको एतद्द्वारा याची के दावे का उत्तर देने के लिये उक्त 18 दिवस 08 माह सन् 2026 को न्यायाधीश के समक्ष पूर्वान्ह 11 बजे उपस्थित होने के लिए सम्मन किया गया है और सूचना दी जाती है कि पूर्व उल्लिखित दिनांक को पक्षों को, जो उपस्थित हों, सुनने के पश्चात न्यायाधीश द्वारा कुटुम्ब न्यायालय के परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई के दिनांक के संबंध में और याचिका से संबंधित अन्य मामलों में निर्देश दिये जायेगें और अग्रसर सूचना दी जाती है कि यदि पूर्व उल्लिखित दिवस को न्यायाधीश के समक्ष स्वयं हाजिर होने या ऊपर यथा अपेक्षित वकालत नामा दाखिल करने या आप उपस्थित होने में असक्त रहते हैं तो याचिका को उसी दिन या किसी अनुवर्ती दिवस को अप्रविवादित के रूप में बोर्ड के समक्ष रखा जायेगा और आपके विरूद्ध पारित किसी डिक्री या आदेश के लिये आप उत्तरदायी होगें।

साक्षी........प्रधान न्यायाधीश पूर्वोवत आज 17 दिवस 07 माह सन् 2026 को न्यायालय की मुद्रा सहित जारी की जाती है।

आज्ञा से न्यायालय

# तरुणमित्र

सोमवार, 20 जुलाई 2026

संवत- 2083, आषाढ़ शुक्ल पक्ष- 06


## इसरो से मोह भंग क्यों?

अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों के इस्तीफे या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की नीति में सरकार की ओर से बदलाव यह संकेत देता है कि इस अहम संस्थान में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। पिछले साल 100 से ज्यादा वैज्ञानिकों ने इसरो छोड़कर अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र के नए स्टार्टअप की ओर रुख किया है। वीआरएस लेने वालों में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के लॉन्च वीकल मार्क-3 के परियोजना निदेशक विक्टर जोसेफ भी हैं। इसरो के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ भी अग्निकुल कॉस्मोस नामक स्टार्टअप से जुड़े हैं। जाहिर है कि अंतरिक्ष क्षेत्र निजी कंपनियों के लिए खोलने के फैसले का असर अब दिखने लगा है। करीब 400 स्टार्टअप सक्रिय हो चुके हैं और देश की स्पेस इकोनॉमी 8.4 अरब डॉलर तक पहुंच चुकी है। इसरो पिछले कई दशकों से दुनियाभर में अपनी अपूर्व सफलताओं, किफायती मिशनों और तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए जाना जाता रहा है। वैज्ञानिक इस संस्थान को अलविदा करना चाहते हैं, तो इसके कारणों पर विचार करने की जरूरत है।

अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र के प्रवेश को ही नहीं, बदलती नीतियों और प्रोत्साहन की कमी को भी इसरो का आकर्षण कम होने की वजह माना जा रहा है। हाल के वर्षों में अर्थ ऑब्जर्वेशन और कम्युनिकेशन सैटेलाइट परियोजनाओं में कमी आई है। क्योंकि, सरकार ने मंत्रालयों को अपनी जरूरत के सैटेलाइट खुद लॉन्च करने के लिए कहा है और मंत्रालयों को अपनी जरूरत का अहसास होने में समय लग रहा है। कई वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि विशेष प्रोत्साहन, परफॉर्मेंस बेस्ट इंसेंटिव और विशेष सैलरी जैसी योजनाओं को वापस लेने से निजी क्षेत्रों के विशेष पैकेज का आकर्षण बढ़ गया है। बहरहाल, ताजा आदेश के बाद इसरो के वैज्ञानिकों के इस्तीफों या वीआरएस आवेदन पर अब संबंधित केंद्र प्रमुख कोई निर्णय नहीं कर पाएंगे। यह अधिकार अब मंत्रालय के पास चला गया है। लेकिन, क्या इतने से समस्या का समाधान हो जाएगा? क्या वैज्ञानिकों को जबरन इसरो में रोककर काम का बेहतर माहौल बनाया जा सकेगा? क्या स्पेस स्टार्टअप को इसका जिम्मेदार माना जाना चाहिए? कई सवाल हैं, जिनका जवाब ढूंढना अभी बाकी है। इसमें कोई शक नहीं कि अंतरिक्ष क्षेत्र का बाजार अब काफी बढ़ा है और इसमें भारत की छलांग सिर्फ सरकारी धन के भरोसे नहीं लगाई जा सकती। सरकार को ऐसी नीति बनानी होगी कि इस क्षेत्र में निजी निवेश लाने वाली संस्थाओं को 'शॉर्ट कट' अपनाने से रोका जा सके। निजी संस्थाएं इसरो के वैज्ञानिकों को अपनी ओर खींचने की बजाय स्वयं के बूते ऐसा माहौल बनाएं जहां काम करके नए-नए वैज्ञानिक उस तरह की ऊंचाई हासिल कर सकें जैसे इसरो ने लंबी अवधि में किया है। सार्वजनिक संस्थाओं की कीमत पर निजी संस्थाओं को फलीभूत करने का रास्ता देशहित में नहीं है।

## ...आज का दिन...

**मेष**- समय सन्तोषजनक, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, आत्मीयजनों से सम्पर्क, धनागम का मार्ग प्रशस्त, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ, अध्यवसाय की ओर रुझान।

**वृषभ**- योजना का सुपरिणाम प्राप्त, उन्नति का प्रयास सार्थक, विवादास्पद मसला हल होने को, बौद्धिक क्षमता का विकास, कार्य क्षमता में वृद्धि, उल्लास का वातावरण।

**मिथुन**- समय निराशाजनक, बने-बनाये कार्यों में बाधा, आपसी सम्बन्धों में वैमनस्यता, प्रतियोगिता में असफलता, आय की तुलना में व्यय, अकेलेपन की अनुभूति।

**कर्क**- प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, किसी योजना का श्रीगणेश, व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान, आय के स्त्रोत।

**सिंह**- दिनचर्या व्यवस्थित, अधूरी नवयोजना की शुरुआत, मित्रों से विचार-विमर्श, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, मेल-मिलाप में रुचि, संभावित यात्रा सफल।

**कन्या**- सामयिक सिद्धि का प्रयास, सद्विचारों के उदय से आत्मिक शांति, परोपकार की भावना जागृत, आहार-विहार में नवीनता, वाहन से सुख, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

**तुला**- वैचारिक स्थिरता का अभाव, लापरवाही से नुकसान, व्यावसायिक हानि, समस्याओं से चिन्तित, पारिवारिक कलह, मन उदास, धन का अभाव, अशांति।

**वृश्चिक**- पुरुषार्थ के प्रति रुचि, आरोग्य सुख में उपस्थित व्यवधान समाप्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**धनु**- योजना साकार होने की ओर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, उत्तरदायित्व का निर्वाह, जिन्दगी में महत्वपूर्ण घटना घटित, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

**मकर**- आरोग्य सुख, आर्थिक व्यावसायिक सफलता, पुराने विवाद का समापन पक्ष में, नवसम्पर्क का सुयोग, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति।

**कुम्भ**- अभीष्ट कार्यों में विफलता, धर्म-अध्यात्म के प्रति अरुचि, आपसी सम्बन्धों में कटुता, पारिवारिक समस्याओं के चलते चिन्तित, धनागम में बाधा, यात्रा विफल।

**मीन**- उन्नति का सुअवसर, साहसिक प्रयास प्रगति पर, सद्विचारों का उदय, स्वजनों-परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, व्यक्तित्व का विकास।

**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

## पाकिस्तान में कितने पाकिस्तान बनेंगे (समकालीन चर्चित प्रसंग)



प्रसिद्ध साहित्यकार कमलेश्वर का वर्ष 2003 में एक उपन्यास आया था 'कितने पाकिस्तान' उस उपन्यास पर साहित्य अकादमी का पुरस्कार भी दिया गया था। वास्तव में वह उपन्यास भारत की उस त्रासदी का वर्णन था जिसमें धर्म के आधार पर भारत की विभाजन की एक रूपरेखा ऐसी थी कि एक विशेष नेता ने केवल इस्लामिक कट्टरवाद के नाम पर उसे उस समय खींचा था।

समय बदला और मात्र 20 वर्ष बाद 2023 में ही पाकिस्तान में ही कितने पाकिस्तान की नींव ऐसी पड़ चुकी है की अब कितने पाकिस्तान बनेंगे कोई कुछ कह नहीं सकता। अराजकता, विभेद, दमन, दुर्भाव का ऐसा तांडव पाकिस्तानी सेना द्वारा अपने ही देश के निवासियों पर किया जा रहा है उससे कितने पाकिस्तान बनेंगे यह पूरी दुनिया के लिए आज सबसे बड़ा चर्चा का विषय बना हुआ है। आज भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में जब सारा संसार अपने देश की अखंडता एकता को लेकर परेशान है तो उसमें एक ऐसा देश जो अपने पड़ोसियों के साथ उसकी अखंडता एकता को तोड़ने के लिए ही अपना राष्ट्रीय लक्ष्य बनाये रखता है। आज वह अपने ही उसी तीर से घायल होता दिख रहा है। क्षेत्रफल की दृष्टि से अगर देखे तो पूरे पाकिस्तान का 53त्न पंजाब प्रांत है 23 प्रतिशत सिंध प्रांत है और 17 प्रतिशत खबर पख्तून है 6त्न बलूचिस्तान है इस दृष्टि से जब हम देखते हैं तो आज पूरे पंजाब का सबसे बड़ा प्रांत पंजाब प्रांत है, जहां सरकार की सबसे ज्यादा रियायतें,सबसे ज्यादा सहूलियतें हैं और सबसे ज्यादा इमदाद दी जाती है परंतु इसके अतिरिक्त पाकिस्तान में जो भेदभाव है उसको लेकर के पाकिस्तान का एक इतना बड़ा वर्ग टूटने की स्थिति में है जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा दर्द बना हुआ है।

वह विश्व के सबसे बड़े विभाजन की तरफ बढ़ रहा है जो पाकिस्तान से आधा पाकिस्तान टूटने की स्थिति में है उसके पीछे कोई कारण आज का नहीं है बल्कि पाकिस्तान की वह नीति है जो पाकिस्तान सदा दूसरों के साथ करता रहा है,वही वह आदत के अनुसार अपने देश में भी कर रहा है। भेदभाव पूर्ण व्यवहार, पक्षपात पूर्ण सुविधाओं का बंटवाराऔर वहां के राजनीतिज्ञों की सत्ता के सर्वोच्च तक पहुंचने में सेना की सहायता और सेना की बर्बरता ने आज वहां के नागरिकों का जीवन बदहाल कर दिया है। ऐसी स्थिति में बलूचिस्तान से लेकर खैबर पख्तून से लेकर और पीयूजीके, गिलगिट से लेकर एक बड़ा हिस्सा अब स्पष्ट रूप से कह चुका है वह पाकिस्तान में नहीं रहेगा। 85s इलाकों में पाकिस्तान प्रशासन का कोई




वर्चस्व और नियम कानून कुछ भी नहीं है। 8000 फौज लगी हुई हैं। शासन की तरफ से कुछ लोगों को वहां से हटाने की व्यवस्था चल रही है और बहुत सारे लोगों को स्थान बदलने के लिए मजबूर किया जा रहा है।।

अगर इसके कारणों की मीमांसा करें तो इन सब के पीछे केवल एक ही कारण है कि जब आप दूसरों के लिए कांटा बोयेंगे,जब आप दूसरों के लिए कुआं खोदोगे तो आपके लिए भी खाई कहीं ना कहीं तैयार होगी।

आज वही पाकिस्तान की खाई इतनी बड़ी तैयार हो चुकी है कि अगर ये इलाके पाकिस्तान से अलग हो गए तो पाकिस्तान की सारी अर्थव्यवस्था बेकार हो जाएगी, क्योंकि यही इलाके हैं जहां पाकिस्तान की 40त्न से अधिक गैस और कोयला यहीं से आते हैं। यही इलाका है जहां पाकिस्तान ने 40 वर्ष की लीज पर ग्वादर पोर्ट चीन को दे दिया है यही इलाका है जिसका 909 किलोमीटर ईरान से सीमा जुड़ती है,जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज की तारीख में कितनी महत्वपूर्ण है। अलगाव कर लिए बेकाबू बलूचिस्तान का प्रश्न पाकिस्तान के लिए केवल प्रांतीय समस्या नहीं, बल्कि राजनीतिक अविश्वास, आर्थिक असमानता और सामाजिक असंतोष का गहरा परिणाम है। बलूच जनता लंबे समय से यह महसूस करती है कि उनके क्षेत्र के प्राकृतिक गैस, खनिज और बंदरगाह जैसे संसाधनों का लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिलता, बल्कि केंद्र और बाहरी शक्तियों के हितों में उपयोग होता है, इसी कारण वहां स्वायत्तता, संसाधनों पर अधिकार और मानवाधिकारों की रक्षा की मांग तेज होकर अब खूनी क्रांति की तरफ बढ़ रही है।

अपने चरित्र के अनुसार वहां की सेना दमन से इसका निवारण चाहती है परंतु जब कोई राज्य ऐसे में संवाद के बजाय दमन, गिरफ्तारियों और जबरन गुमशुदगियों का सहारा लेता है, तो अविश्वास और बढ़ता है उसी का परिणाम है आज इतना बड़ा वर्ग टूटने पर आमादा है।

राजनीतिक रूप से शुरुआत में यह आंदोलन कभी शांतिपूर्ण अधिकार-आधारित संघर्ष था पर अब सशस्त्र विद्रोह का रूप ले लिया है।यदि बलूचिस्तान अलग होता है, तो पाकिस्तान को ऊर्जा, खनिज, रणनीतिक भू-भाग और सीपीईसी जैसी परियोजनाओं में बड़ा नुकसान हो सकता है।

इसका समाधान पाकिस्तान जैसी नापाक हरकत दूसरे मुल्कों के साथ करता है उससे नहीं हो सकता है। केवल सैन्य नियंत्रण नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण विकास, राजनीतिक भागीदारी और भरोसे की पुनर्स्थापना से पाकिस्तान में कितने पाकिस्तान से पाकिस्तान बच सकता है,आशा है कि उसकी नीति और नीयत जो अलगाववाद और आतंकवाद की है उसमें आमूलचूल परिवर्तन आ जाये वह दूसरे देश को तोड़ने की मंशा से मुक्त होकर स्वयं टूटने से बच जाए।

**प्रोफे आर एन त्रिपाठी**
**पूर्व सदस्य- उप्र लोकसेवा आयोग।**
**प्रोफेसर-समाजशास्त्र विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी**

## शिक्षा जगत की अनमोल विरासत के शिल्पकार: डॉ. रणजीत सिंह का 71वाँ जन्मदिवस और शिक्षा-जगत के लिए उनका प्रेरक जीवन



卐बनाया है मैंने ये घर धीरे-धीरे,
खुले मेरे ख्वाबों के पर धीरे-धीरे।
किसी को गिराया न, खुद को उछाला,
कटा जिंदगी का सफर धीरे-धीरे।
जहाँ लोग पहुँचे छलाँगें लगाकर,
वहाँ मैं भी पहुँचा मगर धीरे-धीरे।卐

ये पंक्तियाँ श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, समोधपुर के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रणजीत सिंह के जीवन-दर्शन का सटीक परिचय हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन इस बात का उदाहरण है कि स्थायी उपलब्धियाँ किसी त्वरित सफलता का परिणाम नहीं होतीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन, ईमानदारी और निरंतर कर्म की साधना से निर्मित होती हैं। 71वें जन्मदिवस के अवसर पर उनका जीवन केवल एक शिक्षक की यात्रा नहीं, बल्कि शिक्षा के माध्यम से समाज निर्माण की प्रेरक गाथा के रूप में सामने आता है। वर्ष 2015 में उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. रणजीत सिंह ने शिक्षण को केवल आजीविका नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का दायित्व माना।

सन् 1989 से जुलाई 2020 तक 31 वर्ष 4 माह के प्रधानाचार्य कार्यकाल में उन्होंने गांधी स्मारक इंटर कॉलेज को अनुशासन, गुणवत्ता और उत्कृष्टता की ऐसी पहचान दी, जो आज भी पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा है। श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज की स्थापना संस्थापक स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊँचा उठाने, सामाजिक चेतना विकसित करने और नई पीढ़ी को संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की थी। डॉ. रणजीत सिंह ने इस परिकल्पना को व्यवहार में उतारा। उन्होंने विद्यालय को केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे संस्कार, अनुशासन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक उत्तरदायित्व का केंद्र बनाया। उनका स्पष्ट विश्वास था कि किसी भी विद्यालय की प्रतिष्ठा छात्र संख्या से नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और विद्यार्थियों की उपलब्धियों से तय होती है। इसी सोच के कारण उनके कार्यकाल में नकलविहीन परीक्षा व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित अध्ययन और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम विद्यालय की पहचान बने। उन्होंने हमेशा 'क्वांटिटी नहीं, क्वालिटी' को प्राथमिकता दी।

उनके नेतृत्व में विद्यालय ने शिक्षा के साथ-साथ खेल, स्काउट एवं गाइड, विज्ञान, नवाचार और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कीं। बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने जनपद की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।



स्काउट एवं गाइड में विद्यालय ने राज्य स्तरीय चैंपियनशिप हासिल की, राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभाग किया तथा दो राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त स्काउट एवं गाइड के क्षेत्र में 700 से अधिक राज्य पुरस्कार प्राप्त हुए। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विद्यालय लगातार मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करता रहा। विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में भी विद्यालय ने विशिष्ट पहचान बनाई। उस समय जनपद की एकमात्र अटल टिंकरिंग लैब थी जिसने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स और वैज्ञानिक नवाचार से जोड़ने का अवसर दिया। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत जौनपुर के नेहरू बालोद्यान इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने विद्यालय के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से संवाद किया।

यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण थी कि ग्रामीण परिवेश का यह विद्यालय राष्ट्रीय स्तर की वैज्ञानिक सोच से जुड़ चुका था। किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी उसके विद्यार्थी होते हैं। गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र आज भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS), राज्य प्रशासनिक सेवा (PCS), न्यायिक सेवा, राजनीति, पत्रकारिता, चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष विज्ञान, उच्च शिक्षा, कला और संगीत सहित अनेक क्षेत्रों में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC), ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ONGC), राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (NMDC) तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में वैज्ञानिक, प्रोफेसर और वरिष्ठ अधिकारियों के रूप में कार्यरत पूर्व विद्यार्थी इस संस्थान की गुणवत्ता का परिचय देते हैं।

डॉ. रणजीत सिंह की सबसे बड़ी विशेषता उनका संतुलित और समन्वयकारी नेतृत्व था। उन्होंने प्रबंधन समिति, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच विश्वास का ऐसा वातावरण बनाया, जिससे विद्यालय एक परिवार की तरह संचालित हुआ। कठोर अनुशासन के साथ मानवीय संवेदनशीलता और न्यायप्रियता उनके व्यक्तित्व की पहचान रही। यही कारण है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी विद्यार्थी उन्हें अपना प्रधानाचार्य और गुरु मानते हैं। आज जब शिक्षा के क्षेत्र में व्यावसायीकरण, दिखावा, पश्चिमी जीवनशैली की अंधी दौड़ और अभिभावकों पर बढ़ता आर्थिक दबाव चिंता का विषय है, तब डॉ. रणजीत सिंह का कार्यकाल मूल्यपरक शिक्षा का आदर्श प्रस्तुत करता है। उनके नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा को सेवा, संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम मानते हुए अनावश्यक आडंबर और आर्थिक बोझ से दूर रहा। यही कारण है कि यह संस्थान समाज के विश्वास का केंद्र बना और पूरे क्षेत्र के लिए अनुकरणीय उदाहरण स्थापित कर सका। आज संस्थापक स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद सिंह की परिकल्पना को आगे बढ़ाने का दायित्व गांधी स्मारक विद्यालय संकुल के वर्तमान प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह 'रानू' निभा रहे हैं। किसी भी संस्थान की वास्तविक शक्ति उसके भवनों में नहीं, बल्कि उसकी कार्यसंस्कृति, मूल्यों और परंपराओं की निरंतरता में होती है। यदि यह विरासत सुरक्षित रहती है तो संस्थान निरंतर नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करता है।

प्रख्यात साहित्यकार पद्मश्री प्रो. रामदरश मिश्र की पंक्तियाँ डॉ. रणजीत सिंह के व्यक्तित्व पर पूरी तरह सार्थक प्रतीत होती हैं-

"जहाँ आप पहुँचे छलाँगें लगाकर,
वहाँ मैं भी पहुँचा मगर धीरे-धीरे।"

वास्तव में, उन्होंने सिद्ध किया कि महान संस्थाएँ संयोग से नहीं, बल्कि दूरदृष्टि, मूल्यनिष्ठ नेतृत्व और निरंतर परिश्रम से निर्मित होती हैं। श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, समोधपुर की वर्तमान प्रतिष्ठा उसी साधना का परिणाम है। 71वें जन्मदिवस के अवसर पर डॉ. रणजीत सिंह के स्वस्थ, दीर्घायु और सक्रिय जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ। शिक्षा के प्रति उनका समर्पण, उनका अनुशासित नेतृत्व और उनके द्वारा स्थापित आदर्श आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। यही उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का सबसे बड़ा सम्मान होगा।

**- रामनरेश प्रजापति -**
**- विशेष संवाददाता दैनिक तरुण मित्र जौनपुर, गोल्ड मेडलिस्ट जनसंचार एवं पत्रकारिता वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उत्तर-प्रदेश।**

# चंदौली

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं 195 शिकायतें, 16 का मौके पर निस्तारण

### भूमि, सिंचाई, बिजली और पुलिस से जुड़े मामलों की रही अधिकता, किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को तहसील सकलडीहा सभागार में जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 195 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि 6 मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर जांच के लिए भेजा गया।

शेष शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी



चाहिए। उन्होंने वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं निराश्रित पेंशन, निर्विवाद वरासत सहित जनकल्याणकारी योजनाओं के मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से अधिकारियों को चेताया कि किसानों को धान की रोपाई के दौरान पानी, बिजली और खाद की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। बैठक में पीडी डीआरडीए बी.बी. सिंह, एसडीएम आकांक्षा सिंह, सीओ कृष्ण मुरारी शर्मा, बीएसए सचिन कुमार, डीपीआरओ अविनाश कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय निर्माण का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

### समय-सीमा में कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश, गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने शनिवार को तहसील सकलडीहा के हंडा गांव में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं ठेकेदार को निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना की तय टाइमलाइन के अनुसार प्रत्येक चरण का कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं का लाभ मिल सके। यह महत्वाकांक्षी परियोजना यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड की देखरेख में 2358.96 लाख की लागत से तैयार की जा रही है। शासन से प्रथम किश्त के रूप में 1179.48 लाख जारी



किए जा चुके हैं। विद्यालय परिसर में मुख्य शैक्षणिक भवन, मिड-डे मील भवन, बाल वाटिका, मल्टीपर्पज़ हॉल, छात्रावास (डॉरमेटरी), गार्ड रूम तथा व्यापक स्तर पर परिसर विकास कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य मेसर्स बद्री राय एंड कंपनी, डिब्रू गढ़ (असम) द्वारा किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे यह मॉडल विद्यालय जनपद में आधुनिक शिक्षा का नया केंद्र बन सके।

## न खुद जाने न खुदा.....!



फोटो- गूगल से साभार

बालों में कड़वा तेल डालें....!
कंधे पर लाल गमछा लिये,
घुटने तक मटमैली धोती के साथ..
फटा हुआ कुर्ता पहने....!
पकी रुआबदार मूंछों वाला हरिया
समाज मे घोषित मजदूर है....
आलीशान महल,हवेली,बार और
होटल रिसार्ट से नजदीकी रिश्ता..
होने के बावजूद भी....
बस सुरती-बीड़ी-तंबाकू तक का
या फिर...कुछ ज्यादा होने पर..
माटी की चिलम में...सूत के ऊपर
द्धपाँच रुपये के गाँजे पर,
मुफ्त की आग का नशा....
कभी-कभार किसी महफिल में..!
कच्ची दारू का नशा....
मजदूरी का दो हिस्सा खाने में,
एक हिस्सा कर्ज़ चुकाने में....
श्रम-कमाई और खर्च का बस....!
इतना सा हिसाब-किताब.....
रोज की हाड़ तोड़ मेहनत पर.....!
सुबह में बासी रोटी पर,
घलुए में रखा हुआ अचार.....
दोपहरी मालिक की मर्जी पर...
कभी-कभार गला तर करने भर
पानी भी नसीब में नहीं....
शाम में बीबी की तकरार के बीच
थोड़ी चटक मसालेदार थाली...
फिर वही चलताऊ मनोरंजन...
यह "हरिया" आज भी मजदूर है...
कंधे पर लैपटॉप लटकाकर,
कानों में मोबाइल की लीड डालें...
साइकिल की जगह बाइक.....!
मेट्रो या अन्य साधन से....
जा रहा है मजदूरी को....
अल्युमिनियम फाइल से,
लिपटी हुई रोटी टिफिन में लिए...
थोड़ी सी भुजिया के संग....
अक्सर नूडल्स या फास्ट फूड...
संग इसके गुड़ की जगह मिठाई...
इतना ही नहीं फर्क और भी है...!
हरिया अब "मिस्टर हरिया" है...
गमछे की जगह....!
नैपकिन यूज़ करता है....
मूंछों की स्मार्टनेस....
बनाए रखने का....
हर जतन करता है.....
कमाई का दो हिस्सा अब कर्ज पर
और....एक हिस्सा भोजन पर....
खर्च करता है...और...
ज़्यादा क्या कुछ कहूँ.....
मित्रों...स्थितियाँ सचमुच बदली है
मजदूर....हरिया की.....
जो पहले के दिनों में
शाम को दिया जलने से पहले
घर वापस आता था....
बिना टारगेट की.....!
मजदूरी करता था
वही हरिया अब.....
टारगेट बेस्ड मजदूरी करता है....
और.....घर वापस आने का...
समय उसका....!
न खुद जाने न खुदा.....!



**रचनाकार....**
**जितेन्द्र कुमार दुबे**
**अपर पुलिस**
**उपायुक्त, लखनऊ**

## क्रेन की चपेट में आने से रेलकर्मी गंभीर घायल, लोको शेड में हंगामा

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के टीआरएस लोको शेड में शनिवार को कार्य के दौरान क्रेन की चपेट में आने से टेक्नीशियन ग्रेड-1 प्रमोद कुमार यादव (51) गंभीर रूप से घायल हो गए। वह अलीनगर थाना क्षेत्र के जन्सो की मड़ई के निवासी हैं। हादसे के बाद साथी रेलकर्मियों ने उन्हें तत्काल मंडल रेलवे अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर वाराणसी के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना से नाराज रेलकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कामकाज प्रभावित कर प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने लोको शेड में जर्जर बिजली के तारों को तत्काल बदलने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने कर्मचारियों को समझाकर शांत कराया तथा सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता से कराने का आश्वासन दिया। रेलवे प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित कर दी है। फिलहाल घायल रेलकर्मी का वाराणसी में उपचार जारी है।

## किसानों को सिंचाई संकट से मिलेगी राहत

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया/चंदौली।** ग्राम पचवनिया स्थित निर्माणाधीन पुल पर बने छलका की ऊंचाई बढ़ाने की दिशा में प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को तहसील प्रशासन के निर्देश पर लोहे की प्लेट लगाकर छलका की ऊंचाई बढ़ाने की अस्थायी व्यवस्था का कार्य प्रारंभ कराया गया। यह कदम किसानों के लगातार चार दिनों तक चले धरना-प्रदर्शन और प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद उठाया गया है। छलका की कम ऊंचाई के कारण नहर का पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा था, जिससे धान की रोपाई और खरीफ फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही थी। समस्या से परेशान किसानों ने आंदोलन शुरू किया था। धरना स्थल पर पहुंचे चकिया तहसीलदार देवेंद्र कुमार ने किसानों से वार्ता कर आंदोलन समाप्त कराया और एक सप्ताह के भीतर वैकल्पिक व्यवस्था करने का भरोसा दिया था।

प्रशासन ने अपने वादे के अनुरूप लोहे की प्लेट लगाकर छलका की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य शुरू करा दिया है। इससे क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है। किसानों का कहना है कि कार्य पूरा होने के बाद नहर का पानी सुचारु रूप से खेतों तक पहुंचेगा, जिससे सिंचाई की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। किसानों ने प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए मांग की है कि जल्द ही इसका स्थायी समाधान भी कराया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा उत्पन्न न हो।

## कृषि रक्षा उपकरणों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान, किसानों के लिए बुकिंग शुरू

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। कृषि विभाग ने विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट एवं रोग नियंत्रण योजना के तहत कृषि रक्षा उपकरणों और अन्न भंडारण बखारी पर 50 प्रतिशत तक अनुदान देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस वर्ष जिले को 312 उपकरणों का लक्ष्य मिला है, जिनका वितरण 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि जिले को 31 मानव चलित स्प्रेयर, 63 पावर स्प्रेयर और 218 बखारी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। मानव चलित स्प्रेयर पर अधिकतम 1,500, पावर स्प्रेयर पर 3,000 तथा लघु एवं सीमान्त किसानों को बखारी पर अधिकतम ?2,000 तक अनुदान मिलेगा।

## दो युवकों से 28 लाख रुपये नकद बरामद

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर ( चंदौली )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर जीआरपी, आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम ने विशेष जांच अभियान के दौरान दो युवकों के कब्जे से 28 लाख रुपये नकद बरामद किए। यह कार्रवाई कोलकाता मेल (12322) के एस-3 कोच में चेकिंग के दौरान की गई। जांच के दौरान सीट संख्या 41 और 43 पर बैठे दो यात्रियों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। तलाशी में उनके पिट्ठू बैग से 28 लाख रुपये नकद मिले। पकड़े गए युवकों की पहचान राहुल सोनी (38), निवासी जबलपुर और पुष्प कुमार उसरेटे (23), निवासी जबलपुर, मध्य प्रदेश के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान दोनों नकदी के स्रोत और उद्देश्य से संबंधित कोई संतोषजनक जानकारी या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद जीआरपी ने आयकर विभाग वाराणसी को सूचना दी। मौके पर पहुंची आयकर विभाग की टीम ने नकदी और दोनों व्यक्तियों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। रेलवे पुलिस ने बताया कि स्टेशन और ट्रेनों में अपराध नियंत्रण के लिए सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

# हर नागरिक को है विश्वास, संकट में साथ खड़ी है सरकार:मुख्यमंत्री




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) मुख्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। यह भवन 200 करोड़ से अधिक की लागत से बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण की वेबसाइट का भी शुभारंभ किया और यहां लगाई गई प्रदर्शनी व भवन का अवलोकन कर कार्यों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हर आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश को ऐसा राज्य बनाना है, जहां प्रत्येक नागरिक यह विश्वास लेकर जीवन जी सके कि संकट की खड़ी में सरकार के साथ वह भी तैयार है। यह नागरिक व राष्ट्रीय कर्तव्य का हिस्सा होना चाहिए। सीएम ने उम्मीद जताई कि यह केंद्र हर नागरिक के मन में नए विश्वास का जागरण करेगा।

सीएम ने कहा कि प्रायः आपदा व जनधन की व्यापक हानि के बाद हम लोग सक्रिय होते हैं और संवेदना व्यक्त करते हैं लेकिन आपदा के प्रति पहले से सतर्कता, तैयारी व जागरूकता जनधन की हानि को न्यूनतम स्तर पर ला सकती है। दैनिक जीवन, स्कूली पाठ्यक्रम व परिवार में संवाद के जरिए इसके बचाव के बारे में बताने की आवश्यकता है। सीएम ने बचपन का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय स्कूल व परिवारों में चर्चा होती थी कि आग, भूकंप, बाढ़ के दौरान क्या सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि इन घटनाओं में असामान्य आचरण नुकसान पहुंचाता है, लेकिन जागरूकता के जरिए इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाए तो जनधन की हानि को नियंत्रित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने घटनाओं को नजरअंदाज करने की प्रवृत्ति को खतरनाक बताया। उन्होंने प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि 45 हजार होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। जिन आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया है, उन्हें इस भर्ती में प्राथमिकता देंगे। होमगार्ड को भी आपदा मित्र का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिया जाएगा।

यह फर्स्ट रिस्पांडर हैं। सरकार इन्हें अच्छी सुविधा, मानदेय, पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा, घटना-दुर्घटना होने पर परिजनों को लगभग 35-40 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराती है। सीएम ने उम्मीद जताई कि सुविधाएं बोझ नहीं बननी चाहिए, बल्कि अपनी सेवा का बेहतर उपयोग समाज के लिए करना चाहिए। सीएम ने बाढ़, आकाशीय बिजली, अतिवृष्टि, अग्निकांड, भवन के धराशायी होने संबंधी प्राकृतिक व भौतिक आपदा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जिसने मानव-वन्य जीव द्वंद्व को भी आपदा की श्रेणी में रखकर राहत देने का कार्य किया। सीएम ने दो दिन पहले बहराइच में हुई घटना पर दुख जताया।

कहा कि 12 साल के बच्चे को मगरमच्छ ने निगल लिया। सभी लोग मगरमच्छ वाले संवेदनशील क्षेत्र के साथ ही यह भी जानते हैं कि वे पूरे जीवन में चार-पांच किमी. के दायरे में ही रहता है। ऐसे में जीव-जंतु से जबर्दस्ती खिलवाड़ न करें। सीएम ने दुख जताया कि ऐसी घटना के समय लोग वीडियो बनाते रहते हैं, लेकिन बचाव पर ध्यान नहीं देते। इस अवसर पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, राजस्व राज्यमंत्री सुरेंद्र दिलेर, महापौर सुषमा खर्कवाल, सरोजिनी नगर क्षेत्र के विधायक राजेश्वर सिंह, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, प्रमुख सचिव (राजस्व) अपर्णा यू, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा आदि मौजूद रहे।

# बीकेटी से गांजा के 2 तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बाराबंकी ने लखनऊ-सीतापुर रोड पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 20.570 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो लखनऊ से गांजे की खेप लेकर हरदोई जा रहे थे। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 10.30 लाख रुपए बताई गई है। एएनटीएफ थाना बाराबंकी की टीम ने लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना क्षेत्र में मां चंद्रिका देवी अस्पताल के सामने लखनऊ-सीतापुर रोड पर कार्रवाई की। इस दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 20.570 किलोग्राम गांजा, 1,080 रुपए नकद, दो मोबाइल फोन और दो बस टिकट बरामद किए गए। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय नहीं बल्कि अनुमानित स्थानीय बाजार कीमत करीब 10.30 लाख रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरदोई निवासी फिरोज और नजावत के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ बीकेटी थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/29 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लखनऊ के एक व्यक्ति से गांजा लेकर हरदोई पहुंचाने जा रहे थे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इससे पहले भी कई बार उसी व्यक्ति के लिए गांजे की सप्लाई कर चुके हैं। पुलिस अब इस नेटवर्क के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही है और सप्लाई चेन से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश में जुटी है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाया गया अभियान



लखनऊ। लखनऊ के कुकरैल पिकनिक स्पॉट को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अभियान चलाया। यहां आदर्श व्यापारी एसोसिएशन और लोक भारती संगठन के बैनर तले पर्यावरण संरक्षण को लेकर पहल की गई । व्यापारियों ने परिवार सहित जंगल का आनंद लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के इंदिरा नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने बताया कि इस पिकनिक सह पर्यावरण कार्यक्रम का मुख्य स्लोगन आम खाओ, गुठली लगाओ था। संगठन के पदाधिकारी अपने साथ 30 किलो आम और 15 किलो कटहल लेकर कुकरेल पहुंचे। सभी ने मिलकर जंगल में आम का स्वाद लिया और उसकी गुठलियों तथा कटहल के बीजों को वहीं जमीन में रोपित किया, ताकि आने वाले समय में यहां नए पौधे उग सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान सभी व्यापारियों और उनके परिवारों को प्रेरित किया गया कि वे अपने जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ या अन्य विशेष अवसरों पर किसी वन क्षेत्र या खुले स्थान पर पौधारोपण और बीजारोपण अवश्य करें। लोक भारती संगठन के सचिव गोपाल उपाध्याय ने कहा कि केमिकल रहित खेती को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घरों से निकलने वाले गीले कचरे से घर पर ही खाद तैयार करें और बरसात के मौसम में अधिक से अधिक बीजारोपण करें। इस आयोजन में केवल व्यापारी ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। बच्चों ने खेल-खेल में बीजारोपण की बारीकियां सीखीं। कार्यक्रम के अंत में व्यापारियों ने व्यापारी एकता जिंदाबाद और आदर्श व्यापारी एसोसिएशन जिंदाबाद के नारे लगाकर संगठन की एकजुटता का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, संरक्षक देवी शरण त्रिपाठी, नवल किशोर त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह, एडवोकेट प्रीतम गुप्ता, अनुज चौधरी, रघुवीर सिंह, विजय रस्तोगी, विजय वैश्य, कमलेश रस्तोगी, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष निशांत दुबे, सलाहकार एडवोकेट सतेंद्र मिश्रा, शीलू जायसवाल, राजू द्विवेदी, लोक भारती संगठन के कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चंद महीनों में रिकॉर्ड आवेदन, 14 हजार से ज्यादा ओबीसी बेटियों को मिला शादी अनुदान का लाभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। विशेष रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संचालित शादी अनुदान योजना बेटियों के विवाह में बड़ी आर्थिक राहत बनकर उभरी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत के महज कुछ महीनों में ही इस योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। रिकॉर्ड संख्या में आवेदन प्राप्त होने के साथ ही अब तक 14 हजार से अधिक पात्र बेटियों को योजना का लाभ भी मिल चुका है। इससे स्पष्ट है कि सरकार की योजनाएं तेजी से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और जरूरतमंद परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 82 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से पात्र पाए गए 14,717 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। इसके लिए 29.43 करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा गया है। पारदर्शी भुगतान व्यवस्था के कारण लाभार्थियों को बिना किसी बिचौलिए के समय पर सहायता मिल रही है।

योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 लाख 5 हजार पात्र आवेदकों को शादी अनुदान योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शुरुआती महीनों में ही बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होना इस बात का संकेत है कि योजना के प्रति लोगों का भरोसा लगातार बढ़ा है। सरकार का प्रयास है कि पात्र परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध कराकर बेटियों के विवाह से जुड़ी आर्थिक परेशानियों को कम किया जाए। बेटी की शादी अक्सर सबसे बड़ी जिम्मेदारी मानी जाती है। ऐसे में योगी सरकार की शादी अनुदान योजना इन परिवारों के लिए संबल बनकर सामने आई है।

योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को बेटी की शादी के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। पूरी राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलता है जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये तक है। इसके अलावा विवाह के समय लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। आवेदन प्रक्रिया में दिव्यांग, विधवा, दैवीय आपदा से प्रभावित तथा भूमिहीन परिवारों को प्राथमिकता दी जाती है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि शादी अनुदान योजना अन्य पिछड़ा वर्ग के जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। मात्र कुछ महीनों में ही 82 हजार से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। जिसमें पात्र आवेदकों को लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में महत्वपूर्ण सहयोग दे रही है तथा योगी सरकार पिछड़े वर्ग के उत्थान और विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# वाहन ट्रांसफर और रजिस्ट्रेशन होंगे ऑटो अप्रूव,दफ्तर जाने की जरूरत घटेगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वाहन मालिकों के लिए आरटीओ से जुड़ी सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन और आसान बनाने की तैयारी है। सरकार वाहन ट्रांसफर, पंजीकरण समेत कई सेवाओं को ऑटो अप्रूव प्रणाली से जोड़ने की योजना पर काम कर रही है। शुरुआत एक जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर होगी। सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इस बदलाव का उद्देश्य लोगों को आरटीओ कार्यालयों के चक्कर से राहत देना और प्रक्रिया को तेज व पारदर्शी बनाना है। परिवहन विभाग नई व्यवस्था को सीधे पूरे प्रदेश में लागू करने के बजाय पहले एक जिले में आजमाएगा। इस दौरान तकनीकी व्यवस्था, आवेदन प्रक्रिया और समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा होगी। रिपोर्ट संतोषजनक रहने पर इसे सभी जिलों में लागू करने की तैयारी है। नई व्यवस्था में वाहन ट्रांसफर, पंजीकरण और अन्य निर्धारित सेवाओं के लिए आवेदक ऑनलाइन आवेदन करेंगे। यदि आवेदन और दस्तावेज तय मानकों के अनुरूप होंगे तो सिस्टम स्वतः मंजूरी जारी करेगा। इससे फाइलों के लंबित रहने और कार्यालयों में अनावश्यक भीड़ कम होने की उम्मीद है। परिवहन विभाग ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े सारथी पोर्टल और वाहन पंजीकरण के वाहन पोर्टल की कुल 52 सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से ऑटो अप्रूव प्रणाली में शामिल कर रहा है।

इनमें से कई सेवाएं पहले ही फेसलेस हो चुकी हैं, जबकि बाकी सेवाओं को भी जल्द ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाने की तैयारी चल रही है। विभाग का लक्ष्य आरटीओ कार्यालयों की कार्यप्रणाली को पासपोर्ट सेवा केंद्र की तरह व्यवस्थित और समयबद्ध बनाना है। इससे कार्यालयों में केवल जरूरी मामलों के लिए ही लोगों को जाना पड़ेगा। सामान्य सेवाएं घर बैठे पूरी हो सकेंगी। नई व्यवस्था को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी संगठन अपनी आपत्तियां भी जता रहे हैं। कई जिलों में विरोध प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। उनका कहना है कि नई प्रणाली लागू होने से कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों पर असर पड़ेगा। इस मुद्दे पर 20 जुलाई को शासन स्तर पर बैठक प्रस्तावित है, जिसमें आगे की रणनीति पर फैसला हो सकता है। यदि यह योजना सफल रहती है तो वाहन मालिकों को ट्रांसफर और पंजीकरण जैसी सेवाओं के लिए आरटीओ कार्यालय जाने की जरूरत काफी कम हो जाएगी। आवेदन का निस्तारण तेज होगा, समय और खर्च दोनों की बचत होगी। साथ ही प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ने और मानवीय हस्तक्षेप कम होने की संभावना है।

# सामूहिक देवयज्ञ, वैदिक संस्कृति के प्रचार का संकल्प



लखनऊ। लखनऊ में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तत्वावधान में पतंजलि योग परिवार ने सामूहिक देवयज्ञ का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों, पदाधिकारियों और नए प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी ने वैदिक संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।भारत स्वाभिमान ट्रस्ट लखनऊ पूर्व के प्रभारी पीयूष कान्त ने बताया कि पतंजलि योग परिवार के सभी प्रचार-प्रसार और संगठनात्मक कार्य ट्रस्ट के माध्यम से संचालित होते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 22-23 वर्षों से निरंतर सेवा, प्रशिक्षण और संगठन निर्माण के प्रयासों से लखनऊ पूर्व की पहचान प्रदेश और हरिद्वार तक स्थापित हुई है। कान्त ने यह भी बताया कि योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे कई संचालक और साधक अपनी प्रारंभिक शिक्षा और मार्गदर्शन गोमती नगर स्थित सीएमएस विशाल खंड से प्राप्त कर चुके हैं। संगठन का मूल उद्देश्य योग, यज्ञ और वैदिक संस्कृति का प्रसार रहा है, और इस दिशा में लगातार कार्य जारी है। कार्यक्रम में नए साधकों का स्वागत किया गया। पीयूष कान्त ने विश्वास व्यक्त किया कि वरिष्ठ साधक अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी साधकों का सहयोग ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। सामूहिक देवयज्ञ के समापन पर विश्व कल्याण, राष्ट्र की समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण और मानवता के सुख-शांति की कामना की गई।

# बीच रास्ते बंद हुई यूपी रोडवेज की एसी जनरथ बस, यात्रियों ने लगाई धक्का,रखरखाव पर उठे सवाल




अयोध्या/लखनऊ। गर्मी से राहत और आरामदायक सफर के लिए यात्री यूपी रोडवेज की एसी बसों का टिकट लेते हैं, लेकिन यदि वही बस बीच रास्ते में जवाब दे दे तो यात्रियों की परेशानी बढ़ना तय है। ऐसा ही मामला यूपी रोडवेज की एसी जनरथ बस P32MN/9348 के साथ सामने आया।

जानकारी के अनुसार, बस लखनऊ के आलमबाग बस अड्डे से अयोध्या के लिए रवाना हुई थी। रास्ते में रौनाही टोल प्लाजा के पास तहसीनपुर में बस अचानक बंद हो गई। बस के बंद होने से टोल प्लाजा पर कुछ देर के लिए स्थिति प्रभावित हुई और यात्रियों को बस से उतरना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यात्रियों ने खुद बस को धक्का लगाकर टोल प्लाजा से बाहर कराया, ताकि पीछे आ रहे वाहनों का आवागमन बाधित न हो। इस दौरान यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा इस घटना के बाद यूपी रोडवेज की बसों के रखरखाव और समय पर मरम्मत को लेकर सवाल उठने लगे हैं। यात्रियों का कहना है कि नियमित तकनीकी जांच और रखरखाव होने पर ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है। लोगों का यह भी कहना है कि एसी बसों का किराया सामान्य बसों से अधिक होने के बावजूद यदि बीच रास्ते में बस खराब हो जाए तो यात्रियों का भरोसा प्रभावित होता है।

घटना के बाद सोशल मीडिया पर भी इस मामले को लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई लोगों ने परिवहन निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं और बसों की नियमित फिटनेस जांच तथा बेहतर रखरखाव की मांग की है। हालांकि, इस मामले में रोडवेज अधिकारियों की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आना बाकी है। यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि बस किस तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते में बंद हुई।

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए संचालित एसी बसों की नियमित तकनीकी जांच कितनी प्रभावी ढंग से की जा रही है। यदि बीच रास्ते में इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आती हैं, तो यात्रियों का भरोसा बनाए रखना परिवहन निगम के लिए बड़ी चुनौती होगी।

# गौ-तस्करी गिरोह के दो गैंगस्टर गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ के तहबरपुर थाना पुलिस ने गौ-तस्करी गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को रविवार सुबह महुआर तिरंगा तिराहा के पास से दबोचा। उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंबेडकर नगर जिले के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फूलपुर हारिपुर निवासी आकाश मिश्रा उर्फ विशाल और नरेंद्र कुमार मिश्रा के रूप में हुई है। यह कार्रवाई पिछले वर्ष पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मिले गौवंश से जुड़े मामले में की गई है। उस समय एक ट्रक से 22 मृत और 3 जीवित गौवंश बरामद किए गए थे। जांच में पुलिस को पता चला था कि आरोपी आर्थिक लाभ के लिए संगठित तरीके से अवैध गौ-तस्करी में शामिल थे।

# 171 कछुओं के साथ तस्कर गिरफ्तार

कानपुर। लखनऊ एसटीएफ ने हरबंश मोहाल के पास रेलवे क्रासिंग से एक कछुआ तस्कर को धर दबोचा। तस्कर के पास से प्रतिबंधित प्रजातियों के 171 कछुए बरामद हुए। एसटीएफ अधिकारियों के मुताबिक तस्कर बंगाल के गिरोह से संपर्क में रहकर इन कछुओं को सप्लाई करता था। फिर उसी गैंग के जरिए से उन कछुओं को बांग्लादेश और म्यांमार के रास्ते चीन, हांगकांग, मलेशिया समेत कई देशों में शक्तिवर्धक दवाओं में उपयोग करने के लिए भेजा जाता है। पूरे मामले का एसटीएफ ने शनिवार रात 10 बजे खुलासा किया। एसटीएफ के दरोगा फैजुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि काफी समय से प्रतिबंधित प्रजातियों के कछुओं की तस्करी करने की सूचनाएं मिल रही थीं। इस पर टीम ने तस्करों के खिलाफ जाल बिछा के रखा था।

शनिवार को जानकारी हुई कि कुछ तस्कर काफी संख्या में कछुओं की तस्करी के लिए शहर आने वाले हैं। इस पर उनकी टीम व वन विभाग ऑपरेशन के तहत हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र में रेलवे क्रासिंग के पास तस्करों का इंतजार करने लगी। इसी दौरान एक तस्कर क्रासिंग के पास दिखा, जिसे एसटीएफ ने दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फतेहगढ़ के कमालगंज थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव निवासी जाहिद अली बताया। उसके पास से प्रतिबंधित प्रजाति के 171 कछुए (इंडियन रूफर्ड टर्टल), मोबाइल फोन व आधार कार्ड बरामद हुआ। आरोपी तस्कर ने बताया कि वह फतेहगढ़ के आसपास के जिलों के तलाबों व नदियों से कछुआ तस्करों के जरिए से कछुए एकत्रित करते हैं।

इसके बाद कानपुर के तस्करों के साथ मिलकर उन्हें बिहार व बंगाल सप्लाई करते हैं, जहां से कछुए विदेश भेजे जाते हैं। एसटीएफ के दरोगा ने आरोपी के खिलाफ वन रेंज में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। एसटीएफ के मुताबिक भारत में कछुओं की 29 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें 15 उत्तर प्रदेश में मिलती हैं। इनमें से 11 प्रजातियों का अवैध कारोबार किया जाता है। गंगा, यमुना, चंबल, गोमती, घाघरा और गंडक जैसी नदियां तस्करों के लिए प्रमुख स्रोत बनी हुई हैं। कछुओं के मांस व उनकी झिल्ली को सुखाकर शक्तिवर्धक दवाएं बनाई जाती है।

# नैमिषारण्य मथुरा रेल जोड़ो अभियान समिति की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



लखनऊ। नैमिषारण्य मथुरा रेल जोड़ो अभियान समिति की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अभियान को और तेज किया जाए। अभियान को गति देने हेतु यह तय किया गया कि अभियान से संबंधित बैनर, पोस्टर और स्टीकर बनाकर जनपदों को वितरित किए जाएं, तथा 2 अगस्त को नैमिषारण्य में विभिन्न पीठो के पीठाधीश्वरों के साथ बैठक कर उनका सहयोग मांगा जाए।

संसद के मानसून सत्र समाप्त होने के तुरंत बाद दिल्ली जाकर रक्षा मंत्री एवं माननीय रेल मंत्री भारत सरकार से मिलकर अभियान की विस्तृत जानकारी दी जाए इसी अवधि में अभियान से संबंधित व्यवहार्यता(फिजिविल्टी) रिपोर्ट भी बनाकर रेलवे के नक्शे में नई रेलवे लाइन एवं निर्मित होने वाले कॉरिडोर के साथ प्रदर्शित प्रस्ताव रेल मंत्री एवं रेलवे बोर्ड को भेजे जाने का फैसला लेते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि अक्टूबर/ नवंबर माह में अभियान को पदयात्रा के माध्यम से भी तेज किया जाए ।जिसके लिए नैमिषारण्य से मिश्रिख तक की पदयात्रा का प्रस्ताव उचित पाया गया । अब तक विभिन्न जनपदों से 10000 से ऊपर नागरिकों द्वारा प्रधानमंत्री, रेल मंत्री एवं मुख्यमंत्री को सामूहिक हस्ताक्षरित पत्र भेजे जा चुके हैं दिसंबर तक 15 000 सामूहिक पत्रों को भेजे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया ।

इस हेतु विभिन्न जिलों में जारी अभियान से संबंधित महानुभावों को जारी हस्ताक्षर अभियान शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया गया ।समिति को विस्तार देने हेतु उपयोगी सदस्यों को जोड़ने पर भी सहमति व्यक्त की गई जिसके तहत रविवार को एसपी मिश्रा को नए सदस्य के रूप में जोड़ते हुए उनका स्वागत किया गया।

# बुजुर्ग महिला की चेन लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



लखनऊ। लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में 59 साल की महिला को धक्का देकर सोने की चेन लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लूटी गई चेन को मणप्पुरम फाइनेंस में गिरवी रख दिया था। पुलिस ने दोनों के कब्जे से नकद और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक 16 जुलाई को गोमतीनगर निवासी राजकुमारी (59) को पीछे से धक्का देकर गिराकर बदमाश उनके गले से सोने की चेन लूट लिए थे। पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर गोमतीनगर थाने में केस दर्ज किया गया था।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस और क्राइम टीम को लगाया गया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार रात को सहारा ओवरब्रिज के पास से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान रामनगर बाराबंकी निवासी आकाश उर्फ राजन शुक्ला (19) और कुवाया शाहजहांपुर निवासी अमित अवस्थी (26) के रूप में हुई। दोनों आरोपी किराए का कमरा लेकर रहते थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने लूटी गई चेन को विकासनगर स्थित मणप्पुरम फाइनेंस में 23,700 रुपये में गिरवी रखा था। रुपए एक साथी के खाते में आई, जिसे तीनों आरोपियों ने आपस में बांट लिया। पुलिस ने आकाश से 4,630 रुपए और अमित से 4,570 रुपए बरामद किए हैं। वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी जब्त कर ली गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। फरार तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

# लालचंद्र भारती के नेतृत्व में आयोजित हुआ पीडीए चौपाल



लम्भुआ। 2027 में सपा सरकार बनाने के अनुक्रम में उपाध्यायपुर में लालचंद्र भारती के नेतृत्व में पीडीए चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल में बतौर मुख्य अतिथि लम्भुआ विधानसभा के भावी प्रत्याशी शिक्षक श्यामलाल निषाद गुरूजी ने कहा कि डाक्टर, इंजीनियर आदि बनने के लिए प्रतियोगी छात्र-छात्राएं भारी भरकम पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए अपनी जवानी जलाते हैं, बीजेपी सरकार पेपर लीक के प्रति अपनी जिम्मेदारी लेने के बजाय प्रतियोगी छात्रों की मांग का समर्थन करने वालों के साथ जोर ज़बर्दस्ती कर रही है। उक्त अवसर पर समाजसेवी जीशान अहमद, रिटायर्ड नेवी ऑफिसर राम उजागिर यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश बनेगा गो आधारित अर्थव्यवस्था का केंद्र, हर जिले में लगेंगे 1,000 से अधिक बायोगैस प्लांट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में गो आधारित ग्रीन इकोनॉमी का सबसे बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। प्रदेश के हर जिले में एक हजार से अधिक घरों में मिनी बायोगैस प्लांट लगाने की योजना तैयार की गई है। इसमें फिक्स के साथ पोर्टेबल प्लांट भी लगाए जाएंगे। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में आईआईटी दिल्ली तकनीकी साझेदार की भूमिका निभाएगा, जबकि इस क्षेत्र में कार्य कर रही 15 से अधिक अग्रणी कंपनियों ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में इस परियोजना से जुड़ने में रुचि दिखाई है। इसके साथ ही ग्रामीणों को प्लांट लगाने के लिए अनुदान देने की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश की गोशालाओं को रूरल रिसोर्स एंड एनर्जी हब के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां गोबर से बायोगैस, बायो-सीएनजी, ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर और भविष्य में कार्बन क्रेडिट तक की पूरी वैल्यू चेन विकसित की जाएगी। योगी सरकार का लक्ष्य गो आधारित उत्पादों को आय, ऊर्जा और रोजगार का स्थायी स्रोत बनाना है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि इस योजना की सबसे बड़ी ताकत तकनीकी और औद्योगिक सहयोग है।

आईआईटी दिल्ली प्लांट की तकनीक, संचालन, रखरखाव और युवाओं के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी संभालेगा। वहीं, इस क्षेत्र में कार्यरत 15 से अधिक बड़ी कंपनियां प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में परियोजना के क्रियान्वयन और विस्तार में भागीदारी के लिए आगे आई हैं। इससे आधुनिक तकनीक और निजी क्षेत्र के अनुभव का लाभ गांवों तक पहुंचेगा। आईआईटी दिल्ली के प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर के युवाओं को बायोगैस प्लांट की स्थापना, संचालन और रखरखाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे ग्रीन टेक्नीशियन की नई पीढ़ी तैयार होगी। वहीं, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए भी स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

प्लांट से तैयार गैस का उपयोग घरेलू ईंधन के रूप में होगा, जिससे ग्रामीण परिवारों का रसोई गैस खर्च कम होगा। वहीं, प्लांट से निकलने वाली स्लरी उच्च गुणवत्ता वाली ऑर्गेनिक खाद के रूप में खेतों में इस्तेमाल होगी। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटेगी और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाना और जैविक खाद का उत्पादन बढ़ाना है। प्लांट लगाने के लिए ग्रामीणों को अनुदान देने की योजना भी तैयार की जा रही है। आने वाले समय में यह मॉडल उत्तर प्रदेश को देश की गो आधारित ग्रीन इकोनॉमी का अग्रणी राज्य बनाएगा।

# आपदा में जान बचाने वाले 8 जांबाजों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपदा और बचाव कार्यों में असाधारण साहस दिखाने वाले एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी और अग्निशमन सेवा के आठ कार्मिकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डालने वाले कर्मियों का सम्मान पूरे समाज का सम्मान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन के लिए धन की कोई कमी नहीं है। सरकार बचाव कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को लगातार प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने भविष्य में जान बचाने वाले नाविकों और मानव-वन्यजीव संघर्ष के दौरान साहसिक कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित करने की बात कही। सम्मानित कार्मिकों में अयोध्या में सरयू नदी में फंसे श्रद्धालुओं को बचाने वाले एनडीआरएफ के मुख्य आरक्षी सुभाष चंद्र, लखनऊ अग्निकांड में लोगों को सुरक्षित निकालने वाले आरक्षी शैलेंद्र कुमार, एसडीआरएफ के टीम प्रभारी लालचंद्र यादव और प्लाटून कमांडर नर्वदेश्वर, प्रयागराज में डूब रही बच्ची का रेस्क्यू करने वाले पीएसी के महेंद्र यादव और रामजग कुमार, नोएडा अग्निकांड में आग फैलने से रोकने वाले अग्निशमन अधिकारी योगेंद्र प्रसाद चौरसिया तथा लखनऊ में आग में फंसे लोगों को बचाते समय घायल हुए फायरमैन अशोक कुमार शामिल हैं।

# अयोध्या काशीराम कॉलोनी बनी नारकीय

**कीचड़युक्त सड़क और अंधेरे में जीने को मजबूर वासी**



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में एक ओर जहां विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं और नगर निगम को पुरस्कृत किया जा रहा है, वहीं रामघाट स्थित काशीराम कॉलोनी बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रही है जो प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। पिछले कई दिनों से कॉलोनीवासी जलभराव, अंधेरे और अव्यवस्था के बीच नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। कीचड़ में तब्दील हुई सड़क, राहगीरों के लिए खतरा कॉलोनी के निवासियों का आरोप है कि सड़क की खुदाई के बाद उसे अधूरा छोड़ दिया गया है। लगातार हो रही बारिश ने इस स्थिति को और भयावह बना दिया है। पूरी सड़क अब कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुकी है। हालात ये हैं कि स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का निकलना दूभर हो गया है। फिसलकर गिरने से लोग चोटिल हो रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग का कोई भी अधिकारी सुध लेने वाला नहीं है। बंद स्ट्रीट लाइटों से बढ़ा हादसों का डर सड़क की दुश्वारियों के साथ ही अंधेरा भी मुसीबत का सबब बना हुआ है। कॉलोनी में लगे बिजली के खंभों पर लगी स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। रात के समय अंधेरा होने के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

कॉलोनीवासियों ने नगर निगम पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ स्वच्छ भारत अभियान का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कॉलोनी के सीवर और नालियां पूरी तरह बंद हैं। जल निकासी की व्यवस्था ठप होने से चारों तरफ पानी भरा हुआ है, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। पार्षद और नगर निगम की कार्यशैली पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि वे अपनी समस्याएं किसे बताएं। लोगों का आरोप है कि परावांस वार्ड के पार्षद कृष्ण गोपाल यादव न तो क्षेत्र का दौरा करते हैं और न ही फोन कॉल रिसीव करते हैं। लोगों का कहना है कि नगर निगम का ध्यान केवल मुख्य सड़कों के सौंदर्यीकरण पर है, जबकि आम बस्तियां मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही हैं।

कॉलोनीवासियों का सवाल अगर इस बदहाल सड़क और अंधेरे के कारण कोई गंभीर दुर्घटना होती है, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या नगर निगम और स्थानीय जनप्रतिनिधि तब जागेंगे जब कोई बड़ा हादसा हो जाएगा।

# गलत इलाज से भाई की मौत का आरोप, सीएमओ से की शिकायत

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के गांव सरैया जमोलिया निवासी दीपक वर्मा ने बंगाली डाक्टर विकास नगर एस वाइन पर पाइल्स का गलत इलाज करने का आरोप लगाकर मुख्य चिकित्साधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि कथित झोलाछाप डाक्टर ने शिकायतकर्ता के भाई दिनेश वर्मा का गलत इलाज किया और शरीर में इंफेक्शन पैदा हो गया। परिजनों ने इसे लेकर लखनऊ स्थित कई बड़े अस्पतालों में इलाज कराया। लेकिन मरीज को बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई। इस संबंध में पूछे जाने पर उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि मेरे सहित जांच एक और चिकित्सक डा. आर एस चौधरी को मिली है। मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**उलेमा-ए-कराम व शोरा-ए-कराम की तारीखें हुई फाइनल**



**अयोध्या।** आगामी 12 रबीउल अव्वल के मुक़द्दस मौक़े पर चौक घंटाघर पर आयोजित होने वाले दो रोज़ा जलसे और जुलूस-ए-मोहम्मदी (स.) की तैयारियों के सिलसिले में एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। 'मरकज़ी अंजुमन तब्लीग़ अहले सुन्नत के ज़ेर-ए-एहतमाम यह बैठक शनिवार को नमाज़-ए-ईशा मरकज़ी जामा मस्जिद टाटशाह में आयोजित की गई। यह बैठक फ़ाज़िल-ए-बग़दाद हज़रत अल्लामा मुफ्ती मुख़्तारूल हसन साहब की सरपरस्ती और अंजुमन तब्लीग़ अहले सुन्नत के सदर व खतीब-ए-इमाम मरकज़ी जामा मस्जिद टाटशाह व ईदगाह, हज़रत मौलाना मुफ्ती शम्शुल क़मर अलीमी साहब की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का सफल संचालन अंजुमन के सचिव व मीडिया प्रभारी असलम पठान ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अंजुमन के सदर मुफ्ती शम्शुल क़मर अलीमी साहब ने बताया कि दो रोज़ा जलसे में तशरीफ़ लाने वाले नामचीन उलेमा-ए-कराम और शोरा-ए-कराम (शायरों) से तारीखें ले ली गई हैं और मेहमानों की सूची फाइनल हो चुकी है। बैठक के दौरान अंजुमन के तमाम ओहदेदारों और सदस्यों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिसमें लाइट, साउंड और टेंट व्यवस्थारू अंजुमन के खजांची इमरान अहमद वक़ार ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर बेहतरीन लाइट, साउंड और टेंट की व्यवस्था के लिए सम्बंधित वेंडर्स से बातचीत अंतिम चरण में है, जिसे जल्द ही फाइनल कर लिया जाएगा। मौसम को देखते हुए वाटरप्रूफ टेंटरू सचिव राजू वारसी ने सुझाव दिया कि चूंकि अभी बारिश का मौसम है, इसलिए ज़ायरीन (दर्शकों) की सहूलियत के लिए पूरे पंडाल को वाटरप्रूफ बनाया जाएगा। पिछली कमियों को दूर करने का संकल्प बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों ने एक सुर में कहा कि, इंशाअल्लाह, इस बार का प्रोग्राम पिछले साल से भी अधिक भव्य और अनुशासित होगा। गत वर्ष जो भी कमियां रह गई थीं, उन्हें इस बार पूरी तरह दुरुस्त किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से हज़रत मौलाना नूरूल हुदा साहब, हज़रत मौलाना बशीर साहब, हज़रत मौलाना गुलाम अली साहब, और मैनेजिंग कमेटी के मुतवल्ली सिराजुल हक. नायब सदर मोहम्मद क़मर राईन साहब मोइनुद्दीन. नदीम सिद्दीकी एड.रेहान सिद्दीकी. माजिद खान(बाबा) सहीम कुरैशी (शेरू). इमरान चिश्ती.शादमान खान.शाकिर अंसारी जाबिर खान. मो.सईद मंसूर प्रधान. मो अशफाक .मो आरिफ खिदमत, मो.आजम कादरी. आसिफ नवाब. मतीन खान. सुल्तान खान, कुमैल शानगर, आसिफ चांद. आरिफ चांद. इमरान नात. लकी सिद्दीकी. मुजीबुर रहमान. चाँद हौका. अजीम. जीशान. समीर खान. मो दानिश. फुरकान अहमद सहित अंजुमन के कई अन्य गणमान्य सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का समापन हज़रत क़ारी अब्दुल जलील हबीबी अशरफी साहब की मुल्क में अमन-ओ-अमान और कार्यक्रम की कामयाबी की ख़ास दुआ हुआ।

# गायत्री बनीं आंगनबाड़ी सहायिका, नियुक्ति पत्र पाकर जताई खुशी



**सोहावल-अयोध्या।** विकास खण्ड क्षेत्र सोहावल के रौनाही गांव निवासी गायत्री पत्नी दयाशंकर भारती का चयन ग्राम पंचायत रौनाही के वार्ड संख्या-4 से आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर किया गया है। विकास खण्ड सोहावल स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डा. अमित सिंह चौहान रहे। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) डा0 अनीता सोनकर ने गायत्री को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विभागीय दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद गायत्री ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि शासन एवं विभाग ने उन पर जो विश्वास जताया है।उस पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी उसका निर्वहन पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ करेंगी तथा गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने का प्रयास करेंगी।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विकास खण्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों में जुटी भाजपा, 85 शक्ति केंद्रों पर हुई बैठकें




**अयोध्या।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में 22 जुलाई को अवध विश्वविद्यालय के विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों को लेकर महानगर के सभी 85 शक्ति केंद्रों पर बैठकें आयोजित की गईं। इससे पूर्व शनिवार को देर शाम तक महानगर के चारों मंडलों में भी संगठनात्मक बैठकें संपन्न हो चुकी हैं। विद्याकुंड शक्ति केंद्र पर आयोजित बैठक में भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय एवं महानगर महामंत्री शैलेंद्र कोरी ने शक्ति केंद्र पदाधिकारियों के साथ सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बूथ अध्यक्षों की सहभागिता, संगठनात्मक दायित्वों तथा सम्मेलन की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर तक सक्रिय और अनुशासित संगठन है। आगामी चुनाव में प्रत्येक बूथ अध्यक्ष की भूमिका निर्णायक होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य प्रत्येक बूथ को और अधिक सशक्त बनाते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन के संदेश को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि बूथ अध्यक्ष सम्मेलन केवल एक संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आगामी चुनाव की रणनीति को गति देने का महत्वपूर्ण मंच है। सम्मेलन के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार होगा। महामंत्री परमानंद मिश्र, उपाध्यक्ष तिलकराम मौर्य, हरिभजन गौड़, अरविंद सिंह, बालकृष्ण वैश्य, रवि शर्मा, शशि प्रताप सिंह, शिवम शुक्ला, मुकेश तिवारी, रवि सोनकर, कपिल देव वर्मा, हेमंत जायसवाल, रीना द्विवेदी, स्वाती सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न शक्ति केन्द्रों पर बैठक कर सम्मेलन की रणनीति को अंतिम रूप दिया।

# शिक्षाविदों ने औषधीय व फलदार पौधों का किया रोपण



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के स्वच्छता एवं बागवानी प्रकोष्ठ द्वारा कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के विशेष निर्देश पर विश्वविद्यालय परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय औषधीय पौधों के महत्व का प्रचार-प्रसार कर विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। आज के वृक्षारोपण कार्यशाला के अंतर्गत परिसर स्थित ष्कलात्मक जीवंत वाटिकाष् में डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्व विद्यालय लखनऊ के ललित कला विभाग के आचार्य डॉ. अवधेश मिश्र ने आम के वृक्ष का रोपण किया। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी की निदेशक प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने परिसर में अमरूद का पौधा रोपित किया और कहा कि अमरूद विटामिन सी, आहार रेशा एवं विभिन्न एंटीऑक्सीडेंट्स का उत्कृष्ट स्रोत है। इसकी पत्तियाँ पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में दस्त, मुख एवं मसूड़ों के संक्रमण तथा पाचन संबंधी समस्याओं में उपयोगी मानी जाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिकाधिक औषधीय एवं फलदार पौधों के रोपण एवं संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज़ के निदेशक प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने इमली का पौधा रोपित कर ष्एक वृक्ष माँ के नामष् अभियान को अपना समर्थन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि इमली के फल, पत्तियाँ एवं छाल का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में लंबे समय से किया जाता रहा है। इमली में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन एवं खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने तथा शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि इमली का वृक्ष पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा हरित आवरण बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस अवसर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के संयोजक प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एक वृक्ष माँ के नाम यह प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण का एक जन-आंदोलन है। आज के वृक्षारोपण कार्यशाला में पच्चास से अधिक फलदार वृक्षो को परिसर में रोपित किया गया इस अवसर पर प्रो. के के वर्मा, डॉ. रीमा सिंह, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव के साथ बड़ी संख्या में परिसर के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों सहित विश्वविद्यालय के अनेक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी नागरिकों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध वायु, स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की अमूल्य धरोहर है।

# राम मंदिर ट्रस्ट में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की उठी मांग, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की संरचना और मंदिर की व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार की मांग तेज हो गई है। भक्ति आंदोलन मंच न्यास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन भेजकर मांग की है कि ट्रस्ट में सभी वर्गों, विशेषकर वनवासी समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए। संगठन का कहना है कि राम मंदिर निर्माण पूरे हिंदू समाज के सामूहिक संघर्ष और बलिदान का परिणाम है, इसलिए इसकी व्यवस्था में भी संपूर्ण समाज की भागीदारी झलकनी चाहिए।

भक्ति आंदोलन मंच न्यास के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मार्गदर्शक विश्व हिंदी परिषद के सदस्य राजर्षि रामनयनदास रामायणी ने कहा कि भगवान श्रीराम संपूर्ण समाज के आराध्य हैं। उन्होंने विशेष रूप से मांग की कि राम मंदिर में वनवासी समाज से प्रधान पुजारी नियुक्त किया जाए। उन्होंने तर्क दिया कि, भगवान राम का %रामत्व% वनवासी समाज से ही जुड़ा है। अत: एक वनवासी पुजारी ही उनके आदर्शों को सही मायने में स्थापित कर पाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुजारियों की नियुक्ति जाति-पांति के भेदभाव से ऊपर उठकर होनी चाहिए। राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बने ट्रस्ट करतालिया आश्रम के पीठाधीश्वर महंत बालयोगी रामदास ने मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि राम मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने ट्रस्ट में %सीईओ% की व्यवस्था पर असहमति जताते हुए हनुमानगढ़ी की तर्ज पर ट्रस्ट का संचालन करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट में किसी एक वर्ग विशेष का वर्चस्व न होकर सभी संतों, शंकराचार्यों और जगतगुरुओं का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। सामाजिक समरसता का संदेश रावत मंदिर के पीठाधीश्वर महंत बालक महाराज ने कहा कि श्रीराम का जीवन समानता और समरसता का संदेश देता है। उन्होंने मांग की कि वर्षों से राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए संघर्ष करने वाले समर्पित साधकों को मंदिर की सेवा में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लंबे समय से वनवासी समाज के बीच कार्य कर रहा है, ऐसे में ट्रस्ट में इस समाज का प्रतिनिधित्व न होना पुनर्विचार का विषय है। इस अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्माओं ने उपस्थिति दर्ज कराई और मंदिर की व्यवस्था को अधिक समावेशी और जन-सुलभ बनाने पर जोर दिया।

# मुलायम सिंह शिक्षक सम्मान समारोह-2026 के लिए 11 सदस्यीय चयन समिति गठित




**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले %मुलायम सिंह शिक्षक सम्मान समारोह-2026% के लिए 11 सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह तथा संचालन महासचिव डॉ. घनश्याम यादव ने किया।

दान बहादुर सिंह ने बताया कि वर्ष 2012 से प्रत्येक वर्ष जनपद के पांच उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं को इस सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि इच्छुक शिक्षक-शिक्षिकाएं 20 अगस्त तक अपना बायोडाटा चयन समिति के किसी सदस्य, शिक्षक अंबुज मालवीय अथवा डॉ. राम मनोहर लोहिया शिक्षक संघ भवन के व्हाट्सएप नंबर 9415716324 एवं 9721588657 पर भेज सकते हैं।बैठक में चयन समिति के सदस्यों की घोषणा की गई।उक्त अवसर पर विमल सिंह यादव,अंबुज मालवीय, डॉ. घनश्याम यादव, अवनीश प्रताप सिंह, डॉ. श्याम प्रकाश वर्मा, अशोक कुमार साहनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हल्की बर्षा होने की संभावना

**अयोध्या।** आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के साथ-साथ हल्की बर्षा होने की संभावना है, कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा भी संभावित है।

श्री मिश्र के अनुसार रविवार का अधिकतम तापमान 30.0 डिग्री जो सामान्य से 3.0 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री यह भी सामान्य से 2.0 डिग्री कम रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 92 व न्यूनतम 72 प्रतिशत रही। 1.8 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी-पश्चिमी दिशा से हवाएं चली। 29.6 मि0मी0 वर्षा रिकार्ड की गई।

# राम मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद के लिए 2300 से अधिक आवेदन

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद के लिए देशभर से 2300 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन की समय सीमा पूरी होने के बाद अब चयन प्रक्रिया अगले चरण में पहुंच गई है। हाल के दिनों में ट्रस्ट से जुड़े विवादों के कारण इस नियुक्ति को लेकर लोगों की दिलचस्पी और बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार, आवेदनों की जांच और छंटनी के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति सभी आवेदनों का परीक्षण करने के बाद योग्य उम्मीदवारों का चयन करेगी। इसके बाद अंतिम निर्णय ट्रस्ट स्तर पर लिया जाएगा।

नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के सामने ट्रस्ट के प्रशासन को और मजबूत बनाने, कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने तथा श्रद्धालुओं के विश्वास को और सुदृढ़ करने की अहम जिम्मेदारी होगी। इसी वजह से इस नियुक्ति को ट्रस्ट के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस बीच अयोध्या के संत बाबा मिथिलेश नंदिनी शरण का नाम भी ट्रस्ट में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की चर्चाओं में है। हालांकि, ट्रस्ट की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।अब सभी की निगाहें तीन सदस्यीय समिति की सिफारिश और ट्रस्ट के अंतिम निर्णय पर टिकी हैं। माना जा रहा है कि चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नाम की औपचारिक घोषणा की जाएगी।

# गुपचुप पूरा हुआ सपा का मेगा सर्वे, एक सप्ताह तक डटी रही टीम

**सपाइयों और टिकटार्थियों को न लग सकी भनक, वापसी के बाद शुरू हुई चर्चा**

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिले में बड़ी रणनीतिक कवायद पूरी कर ली है। सूत्रों के अनुसार, बीते दिनों पार्टी की एक विशेष सर्वे टीम जिले में रहकर पांचों विधानसभा सीटों पर गोपनीय तरीके से फीडबैक जुटाती रही। पूरी कार्रवाई इतनी गोपनीय रही कि राजनीतिक गलियारों में भी इसकी भनक तक नहीं लग सकी। टीम की वापसी के बाद अब इसकी चर्चा शुरू हो गई है।




सूत्रों का दावा है कि टीम ने संभावित दावेदारों की लोकप्रियता, संगठन की सक्रियता, जातीय व सामाजिक समीकरण, स्थानीय मुद्दों और जनता के रुझान का बारीकी से आकलन किया। कार्यकर्ताओं, स्थानीय प्रभावशाली लोगों और मतदाताओं से भी अलग-अलग स्तर पर राय ली गई। बताया जा रहा है कि सर्वे पूरा होने के बाद टीम लखनऊ लौट गई है।

पार्टी के चुनावी रणनीतिकार और पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन की निगरानी में चल रहे इस सर्वे अभियान की रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचेगी, जिसके आधार पर आगे की चुनावी रणनीति और टिकट वितरण पर मंथन किया जाएगा। मीडिया रिपोर्टों में भी आलोक रंजन को पार्टी के व्यापक चुनावी सर्वे और फीडबैक तंत्र की अहम कड़ी बताया गया है। हालांकि, समाजवादी पार्टी की ओर से जिले में हुए इस सर्वे को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## सर्वे से तय होगा सपा में टिकट के दावेदारों का भविष्य

जिले की सभी पांचों विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी में टिकट को लेकर जबरदस्त दावेदारी है। सूत्रों के अनुसार, इसी वजह से पार्टी ने विधानसभा स्तर पर गोपनीय सर्वे कराया है, ताकि संभावित प्रत्याशियों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। माना जा रहा है कि सर्वे रिपोर्ट टिकट वितरण में अहम आधार बनेगी।अयोध्या विधानसभा में पवन पांडेय पूर्व मंत्री एवं अशोक वर्मा के अलावा अन्य नाम चर्चा में नहीं आया।

इसी तरह बीकापुर विधानसभा में आनंदसेन यादव पूर्व मंत्री, राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप,हाजी फिरोज खान गब्बर, बलराम मौर्या,प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं।

वहीं गोसाईगंज विधानसभा में पारसनाथ यादव,रोली यादव, स्नेहलता निषाद, राम सागर वर्मा,लौटनराम निषाद शंखनाद मांझी, धर्मवीर वर्मा का नाम प्रमुख दावेदारों में शामिल है।

रूदौली विधानसभा में ज़ैदी अब्बास रुश्दी मियां पूर्व विधायक, अवधेश यादव पूर्व एमएलसी प्रत्याशी, विनोद लोधी एवं डॉ पुष्कर यादव टिकट के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं।

मिल्कीपुर विधानसभा में देवमणि कनौजिया, विद्याभूषण पासी, अजीत प्रसाद मुख्य दावेदार माने जा रहे है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस बार केवल वरिष्ठता या संगठन में पकड़ ही नहीं, बल्कि जमीनी स्वीकार्यता, जीत की संभावना और जनता का फीडबैक भी टिकट का आधार बनेगा। यही कारण है कि पूर्व आईएएस आलोक रंजन की निगरानी में चल रहे सर्वे को पार्टी की चुनावी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

# ट्यूबवेल पर सो रहे बुजुर्ग की नृशंस हत्या

**सिकंदरपुर अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेपुर मुस्काबाद गांव में शनिवार देर रात मानवता को शर्मसार करने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के बाहरी छोर पर स्थित अपने खेत के ट्यूबवेल पर सो रहे 65 वर्षीय बुजुर्ग राधेश्याम प्रजापति की धारदार और भारी वस्तु से प्रहार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। बुजुर्ग की निर्मम हत्या की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, राधेश्याम प्रजापति (65) पुत्र रामलौट काफी समय से अपने खेत पर बने ट्यूबवेल पर ही रह रहे थे और जीविका चलाने के लिए कुल्हड़ बनाने का कार्य करते थे। शनिवार रात लगभग 9:30 बजे उनका छोटा पौत्र उनके लिए भोजन लेकर ट्यूबवेल पहुंचा। वहां का भयावह दृश्य देखकर पौत्र की चीख निकल गई; राधेश्याम लहूलुहान अवस्था में जमीन पर पड़े थे। पौत्र की सूचना पर आनन-फानन में पहुंचे स्वजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल भागे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने राधेश्याम को मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिसमें उनका पुत्र जयप्रकाश शामिल है। पिता की हत्या के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना मिलते ही सम्मनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस संवेदनशील मामले पर थानाध्यक्ष सम्मनपुर अभिषेक त्रिपाठी ने कहा, अभी तक परिवार की ओर से कोई औपचारिक तहरीर नहीं मिली है। पुलिस मामले की हर एक कड़ी को जोड़कर जांच कर रही है। रंजिश, लूट या किसी अन्य उद्देश्य से की गई इस हत्या के हर पहलू की गहनता से पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर हत्यारों की धर-पकड़ के लिए पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। दोषियों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।